नई दिल्ली, गुरुवार 13 जून 2024 ■ ज्येष्ठ मास मास शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष : 28, अंक : 63 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 44 न्यून.27 haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




इमारत में कई मजदूर रहते थे। इनमें से कुछ मजदूरों को बचा लिया गया



### जयशंकर ने दिया मदद का भरोसा

*विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आग लगने की घटना सुनकर बहुत दुख हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत अस्पताल में गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुखद रूप से अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। मैं घायलों के शीघ्र और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करता हूं। जयशंकर ने कहा कि हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित लोगों को पूरी सहायता देगा।*

पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया

# कुवैत की आग में मारे गए 40 भारतीय, पीएम के निर्देश पर रवाना हुए कीर्तिवर्धन सिंह

कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इमारत के गार्ड और इमारत में रहने वाले मजदूरों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार किया जाए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कुवैत के मंगाफ शहर की एक छह मंजिला इमारत की रसोई में बुधवार को लगी आग की वजह से हुई 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत के मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख के साथ पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही उनके निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह इस हादसे में घायल हुए भारतीय नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने और मृतकों की पार्थिव देह को जल्द से जल्द स्वदेश भेजने को लेकर सहायता प्रदान करने के लिए कुवैत रवाना हो गए। इस घटना में 30 से अधिक भारतीय मजदूर घायल भी हुए हैं। प्रधानमंत्री ⏩ शेष पेज 5 पर

## कुवैत में भारत के राजदूत ने अस्पताल का दौरा कर घायलों का हाल जाना

### भारतीय दूतावास ने जारी किया सहायता नंबर

कुवैत में मौजूद भारतीय दूतावास ने एक आपातकालीन सहायता नंबर(+965-65505246) शुरू किया है। इसमें आग लगने की घटना से जुड़े प्रभावितों के अलावा सभी संबंधित लोगों से अनुरोध किया गया है कि वो किसी भी प्रकार की अपडेट के लिए इस नंबर से जुड़ें। दूतावास हर संभव सहायता करेगा। इसके अलावा कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने अल-अदन अस्पताल का दौरा किया और वहां आग लगने की इस घटना में घायल होने के बाद भर्ती कराए गए 30 से अधिक भारतीय मजदूरों का हालचाल जाना। उन्होंने घायलों को दूतावास की तरफ से पूरी मदद देने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि लगभग सभी भर्ती मरीजों की हालत स्थिर है। अल अदन के अलावा मंगाफ शहर के कुछ अन्य अस्पतालों में भी घायलों को भर्ती कराया गया है।

### पीएम ने की समीक्षा, मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख की दी राहत

कुवैत की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने



आधिकारिक आवास पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें आग लगने की इस घटना में मारे गए भारतीय नागरिकों के परिवारों को दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने ⏩ शेष पेज 5 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राहत: महंगाई घटकर 4.75 प्रतिशत रह गई

**नई दिल्ली।** भारत की महंगाई में बड़ी गिरावट आई है और यह गिरकर 12 महीने के निचले स्तर पर चला गया है।



बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ें के अनुसार भारत की खुदरा महंगाई मई में सालाना आधार पर घटकर 4.75 प्रतिशत रह गई, जो 12 महीने सबसे निचला स्तर है, जबकि अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83% थी। डाटा के मुताबिक, अप्रैल 2024 की तुलना में सालाना आधार पर मसालों में सबसे बड़ी गिरावट हुई है। इसके बाद कपड़ा, जूते, घर और अन्य चीजों की कैटेगरी में महंगाई पिछले माह की तुलना में कम हुई है।

### आज अरुणाचल की कमान संभालेंगे खांडू

**ईटानगर।** अरुणाचल के मौजूदा सीएम पेमा खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है।



वे राज्यपाल केटी पारनेलक से मुलाकात करेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। वहीं गुरुवार को नए मुख्यमंत्री के शपथ समारोह की तैयारियां चल रही हैं। समारोह राजभवन में आयोजित होगा। सीएम के साथ मंत्री भी शपथ लेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष की मौजूदगी में सुबह 11 बजे शपथ लेंगे।

बोले विदेश सचिव, इस मामले को भारत ने इटली के अधिकारियों के समक्ष उठाया, सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं

# प्रधानमंत्री की यात्रा से ठीक पहले इटली में तोड़ी गई 'महात्मा गांधी' की प्रतिमा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार से शुरू हो रही इटली की आधिकारिक यात्रा से ठीक पहले बुधवार को खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा तोड़ी गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अर्ध प्रतिमा के मामले को लेकर भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है।

इसमें 12 जून को राजधानी में आयोजित किए गए एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत ने इस मामले को इटली के अधिकारियों के समक्ष उठाया है और इससे जुड़े हुए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इटली की प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर बतौर ⏩ शेष पेज 5 पर



### प्रतिमा के ईदगिर्द लिखे विवादित नारे

खालिस्तानी अलगाववादियों ने इटली में तोड़ी गई महात्मा गांधी की प्रतिमा के ईद गिर्द आतंकी हरदीप सिंह निज्जर से जुड़े हुए कुछ विवादित नारे भी लिखे हैं। इस पूरी घटना में चौंकाने वाला तथ्य यह है कि प्रतिमा के उद्घाटन के कुछ घंटों के बाद ही खालिस्तानियों ने इसे तोड़ दिया। लेकिन इलाके के स्थानीय प्रशासन का कहना है कि रिकॉर्ड समय में उक्त जगह को साफ कर दिया गया ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत, वैश्विक दक्षिण के मुद्दे उठाएगा

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा का विशेष महत्व है। क्योंकि देश में हुए लोकसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरी बार भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा होगी। साथ ही ये एक ऐसा अवसर होगा। जिसमें प्रधानमंत्री समूह के अन्य नेताओं के समक्ष भारत और वैश्विक दक्षिण से जुड़े हुए कई अहम मुद्दों को उठाएंगे। इटली ने भारत के अलावा अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, मिस्र, केन्या, मोरेटीनिया, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूएई के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी जी-7 सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। सम्मेलन की इस वर्ष की कुछ प्रमुख प्राथमिकताएं तय की ⏩ शेष पेज 5 पर

### मोदी-मेलोनी के बीच होगी बैठक

विदेश सचिव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जी-7 समूह में शामिल अमेरिका, फ्रांस, जापान, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देश शामिल हैं। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री की इटली की प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों की आपसी भागीदारी से जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें विशेष सामरिक भागीदारी भी शामिल है। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य सदस्य देशों, आउटरीच देशों और वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधियों (कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ बैठक) के साथ अभी तक कोई आधिकारिक द्विपक्षीय बैठक तय नहीं है। ऐसी किसी भी बैठक के तय होने पर मीडिया को सूचित किया जाएगा। इस वर्ष जी-7 सम्मेलन में भारत की 11वीं भागीदारी है और प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह पांचवां मौका है। जब वह समूह के इस अहम आयोजन में भाग लेंगे।

सत्र के दौरान होगा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव

## लोकसभा का सत्र 24 से नए सदस्य लेंगे शपथ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हाल ही में चुनाव के बाद बनी 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। सत्र का समापन 3 जुलाई को होगा।

इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। दोनों सदनों के सत्र 5 जुलाई तक चलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। सत्र के पहले तीन दिन नवनिर्वाचित नेताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही सदन के अध्यक्ष का चुनाव भी कराया जाएगा। सत्र का समापन 3 जुलाई को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और नई सरकार की योजनाओं को लेकर रुपरेखा पेश करेंगी। रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24.6.24 से 3.7.24 तक नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है। राज्यसभा का 264वां सत्र भी 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त ⏩ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी-शाह-रजनीकांत भी रहे मौजूद

# आंध्र में चंद्रबाबू नायडू की ताजपोशी, पवन कल्याण बने डिप्टी सीएम

एजेंसी ⏭ अमरावती

चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सुपरस्टार रजनीकांत और चिरंजीवी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। चंद्रबाबू नायडू के अलावा पवन कल्याण और नारा लोकेश ने भी शपथ ग्रहण की।

पवन कल्याण डिप्टी सीएम के तौर पर राज्य की कमान संभालेंगे। पीएम मोदी ने चंद्रबाबू नायडू को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी और हाथ मिलाया। चंद्रबाबू नायडू को भावुक देख पीएम ने उन्हें देर तक गले लगाया और पीठ थपथपाकर उनका हौंसला बढ़ाया।

### शपथ ग्रहण समारोह की यादगार तस्वीरें



पीएम मोदी ने सीएम नायडू को लगाया गले

*24 साल बाद ओडिशा में भाजपा का सीएम, माझी ने ली शपथ*



ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी बुधवार को नए सीएम के तौर पर शपथ ली। ओडिशा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में सीएम मोहन चरण माझी और दो उपमुख्यमंत्री के तौर पर कनक वर्धन सिंह देव और प्रवती परिधा ने भी शपथ ली। शपथ ⏩ शेष पेज 5 पर

### चिरंजीवी और पवन को मंच पर साथ लाए पीएम मोदी



शपथ ग्रहण समारोह में लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान पीएम मोदी के साथ-साथ मेगास्टार चिरंजीवी और उनके भाई पवन कल्याण पर रहा। मोदी ने साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी और उनके भाई पवन कल्याण के साथ मंच पर गजब की गर्मजोशी दिखाई। शपथ ग्रहण समारोह का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही पवन कल्याण मंच से पीछे जा रहे होते हैं, तभी पीएम मोदी उनका ⏩ शेष पेज 5 पर




सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछे तीखे सवाल

टैंकर से पानी दे सकते हैं तो पाइपलाइन से क्यों नहीं दे सकते

# न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा, लोग परेशान हैं टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों



नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की है? यदि आप कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। अदालत ने कहा कि हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है। आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? ⏩ शेष पेज 5 पर

# वर्ष में दो बार प्रवेश की प्रक्रिया को लागू करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं डीयू और जामिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू)और राष्ट्रीय राजधानी के अन्य शैक्षणिक संस्थान वर्ष में दो बार प्रवेश प्रणाली को लागू करने के तौर-तरीकों पर विचार कर रहे हैं, जिससे छात्र साल में दो बार दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में हालांकि एक महीने से भी कम समय में शुरू हो रहा है इसलिए अभी इस योजना पर पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है।

कुलपति योगेश सिंह ने बताया कि इन बाधाओं को देखते हुए डीयू ने अगले शैक्षणिक सत्र से चुनिंदा पाठ्यक्रमों के लिए प्रायोगिक परियोजना के साथ वर्ष में दो बार प्रवेश प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। सिंह ने कहा कि छात्रों के हित में यूजीसी द्वारा यह एक अच्छी पहल है। हालांकि, इसे पूरी तरह से लागू करने में कुछ समय लगेगा क्योंकि छात्रों की बढ़ती संख्या के लिए जगह बनाने के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होगी। उन्होने कहा कि हमारे शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश पहले ही शुरू हो चुके हैं, इसलिए हम इसे इस वर्ष से लागू नहीं कर पाएंगे। हम इसे शुरुआत में कुछ पाठ्यक्रमों के लिए प्रायोगिक परियोजना के रूप में अपनाएंगे और बाद में अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्णय लेंगे। स्थायी कुलपति के अभाव में काम कर रहे जामिया मिलिया इस्लामिया ने कहा कि वह इस प्रणाली को लागू करने के लिए वैधानिक निकायों से मंजूरी की प्रतीक्षा करेगा।

कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील ने कहा कि यदि आवश्यक मंजूरी मिल जाती है तो विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए यह विकल्प अपना सकता है। उन्होंने कहा कि यह मामला आगामी कार्यकारी परिषद की बैठक में रखा जाएगा तथा परिषद के सम्मानित सदस्यों से निर्देश प्राप्त किए जाएंगे कि वर्ष में दो बार प्रवेश के संबंध में यूजीसी द्वारा की गई घोषणा पर किस प्रकार आगे बढ़ा जाए। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में वर्ष में दो बार प्रवेश प्रणाली के कार्यान्वयन पर कोई स्पष्टता नहीं थी, क्योंकि अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका। इस बीच, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) विश्वविद्यालय और आंबेडकर विश्वविद्यालय जैसे राज्य विश्वविद्यालय भी नयी प्रवेश प्रणाली को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

## आईपी यूनिवर्सिटी के एमएड प्रोग्राम की ऑफलाइन काउंसलिंग अब 21 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी के एमएड प्रोग्राम (सीईटी कोड 120) की ऑफलाइन काउंसलिंग अब 21 जून को द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। पहले इस प्रोग्राम की काउंसलिंग 19 जून को होनी थी। आईपी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अपरिहार्य कारणों से 19 जून को प्रस्तावित काउंसलिंग को 21 जून के लिए स्थानांतरित किया गया है।

### सीटों का होगा आवंटन

काउंसलिंग के दिन ही दस्तावेज सत्यापन के उपरांत रैंक के अनुसार सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की काउंसलिंग में वैसे उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने यूनिवर्सिटी द्वारा इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है और काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया है। काउंसलिंग के लिए आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 97,000 रुपए का एक बैंक ड्राफ्ट, सीईटी एडमिट कार्ड, रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकर के फोटो लाना आवश्यक है। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन में उपलब्ध हैं जिसमें 50 सीटें उपलब्ध हैं।

## मंत्री हर्ष मल्होत्रा से किया दिल्ली की सड़कों पर भी ध्यान देने का अनुरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली से नवनिर्वाचित सांसद हर्ष मल्होत्रा ने बुधवार केंद्रीय परिवहन राज्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने वरिष्ठ भाजपा विधायकों ओमप्रकाश शर्मा और अभय वर्मा के साथ पुष्प गुच्छ भेंट करके उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। बिधूड़ी ने कहा कि एक जमीनी कार्यकर्ता को सम्मान देने के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। बिधूड़ी ने कहा कि ऐसा केवल भाजपा में ही संभव है कि जमीन से जुड़ा एक सामान्य कार्यकर्ता को भी केंद्रीय मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हर्ष मल्होत्रा छात्र जीवन से लेकर अब तक भाजपा के लिए निष्काम भाव से काम कर रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि उनके मंत्री बनने से दिल्ली को बहुत लाभ होगा क्योंकि दिल्ली की सड़कों का सबसे बुरा हाल है और दिल्ली सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने मल्होत्रा से दिल्ली की सड़कों की तरफ ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण ही इन सड़कों की धूल से प्रदूषण बढ़ रहा है और भीड़भाड़ जाम तथा रोड रेज जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। हालांकि इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है लेकिन स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि यह कार्य भी केंद्र सरकार को ही करना होगा।

### आने वाले दिनों में लू से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं

# गर्मी से बेहाल राजधानीवासी, पारा 47 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली में सूरज के कड़े तेवरों के चलते बुधवार को कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पार कर गया। सड़क पर दूर दूर तक नजर आ रही मृग मरीचिका बता रही है कि आसमान से आग बरस रही है। यह हालात अभी बने रहेंगे यानी, आने वाले दिनों में दिल्ली को कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के नजफगढ़ में अधिकतम पारा सबसे ज्यादा 47.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जा सामान्य से बहुत ज्यादा है। वहीं दूसरे नंबर पर अधिकतम पारा नरेला में 47.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पीतमपुरा में 46.7 डिग्री सेल्सियस, पूसा में 46.5, रिज एरिया में 46.4 डिग्री, जाफरपुर 46.3 डिग्री, आया नगर में 45.9, पालम में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हआ। आईएमडी के अनुसार दिल्ली का औसत अधिकतम पारा 44.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली का औसत न्यूनतम तापमान 28. 5 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वही निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि अभी दिल्ली वालों को झुलसाने वाली भीषण गर्मी और लू से राहत के आसार नजर नहीं आ रहे। दिल्ली में 11 जून 2024 को भी लू की स्थिति बनी रही थी। मंगलवार को दोनों रिकॉर्ड वेधशाला सफदरजंग और पालम में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया था। जो सामान्य से लगभग 4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। हालांकि, इतना तापमान लू चलने की स्थिति के बराबर नहीं है। लेकिन, दिनभर गर्मी होने के कारण दोपहर के आसपास लू की स्थिति देखी गई। वहीं, दिल्ली की अन्य वेधशालाओं में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जिससे लू की स्थिति दर्ज की गई। नरेला में उच्चतम तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 7 डिग्री सेल्सियस अधिक था। जिससे भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो गई है। कंपनी का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अभी कोई भी सक्रिय मौसम प्रणाली नहीं होने के कारण दिल्ली में शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलती रहेंगी। दिल्ली एनसीआर के उन सभी स्थानों पर पारा लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है, जहां पिछले दो दिनों में गर्मी से राहत मिली हुई थी। सफदरजंग और पालम में सप्ताहांत के करीब तापमान 45 तक बढ़ जाएगा। सतह की हवाएं मध्यम रूप से तेज होगी, इसीलिए गर्मी का असर आंशिक रूप से कम हो सकता है। कंपनी ने बताया कि दिनभर सूरज गर्म और चमकीला रहन से लू के हालात बने रहे। आने वाले दिनों में कुछ मध्यम और ऊँचे बादल आ सकते हैं, लेकिन यह तापमान में गिरावट कर सकते है ऐसा नहीं है। यानी कहा जा सकता है कि दिल्ली में आने वाले अगले 4-5 दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, दिल्ली में इस चिलचिलाती गर्मी और लू से अगले सप्ताह कुछ राहत मिलने की संभावना है। वहीं, दिल्ली के आसपास के मैदानी इलाकों में दो चक्रवाती परिसंचरण हवा के पैटर्न को बदल देंगे। कंपनी ने जो अच्छी खबर बताई उसके अनुसार 20 जून के बाद दिल्ली में बारिश और आंधी देखने को मिल सकती है जिससे दिल्ली के पास से गुजरने वाली पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा निकट होने के कारण प्री-मानसून गतिविधियों की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि, अभी मौसम का अनुमान लगाना थोड़ा जल्दबाजी होगी, लेकिन दिल्ली, एनसीआर में अगले सप्ताह 19-20 जून के आसपास कुछ राहत भरी बारिश और आंधी की उम्मीद की जा सकती है।

### भीषण गर्मी के चलते फिर बढ़ी बिजली की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली में भीषण गर्मी के दूसरे दौर में एक बार फिर बिजली खपत बढ़ रही है, मांग पुन 8 हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बुधवार को राजधानी में बिजली की मांग बढ़कर 7773 मेगावाट पहुंच गई। जबकि यह मांग मंगलवार को 7675 मेगावाट दर्ज हुई थी। यानी चंद घंटो में ही बिजली की मांग में 98 मेगावाट की बढ़ोतरी देखने को मिली। जहां बिजली की मांग बढ़ी है, वहीं दूसरी तरफ बिजली कट ने भी जनता को परेशान करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। बिजली कट ने दिल्ली के बुराड़ी, लिबासपुर, सिरसपुर, हैदरपुर, वजीराबाद, सोनिया विहार, गांधी विहार, तिमारपुर, सीलमपुर, करावल नगर, खुरेजी, झील खुरंजा, नंदनगरी, बलजीत नगर, रानी बाग, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी आदि जगह के लोगों को परेशान किया। निजी बिजली आपूर्ति कंपनियां बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के आला अधिकारियों का कहना है कि बिजली कट की जरूरत ही नहीं है। कहीं कहीं अचानक आने वाली खराबी को दूर करने के लिए बिजली एक तय समय के लिए बंद हो सकती है। लेकिन कहीं भी बिजली की कमी के चलते कटौती करने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि मांग के अनुमान के अनुरूप पहले ही सभी तैयारियां कर रखी थी। कंपनियों ने उदाहरण दिया कि गत मई महीने में ही दिल्ली में बिजली की मांग ऐतिहासिक 8300 मेगावाट को भी सफलता पूर्वक आपूर्ति की थी। इसलिए कहीं भी बिजली की कमी की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

# दिल्ली के संग्रहालयों व अस्पताल में बम रखे होने की सूचना फर्जी निकली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




राष्ट्रीय संग्रहालय और रेल संग्रहालय समेत कई संग्रहालयों और दो मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों - इहबास (मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान) और विमहन्स (विद्यासागर मानसिक स्वास्थ्य, तंत्रिका और संबद्ध विज्ञान संस्थान) को ईमेल भेजकर उनके परिसरों में बम रखे होने की सूचना दी गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तलाशी लेने के बाद इन परिसरों से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम की सूचना को फर्जी करार दे दिया गया।

उन्होंने बताया कि ये ई-मेल कर्तव्य पथ पर स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय, चाणक्यपुरी में स्थित रेल संग्रहालय, दरियागंज में स्थित गांधी संग्रहालय तथा कई अन्य को प्राप्त हुए हैं, जिनमें कहा गया है कि उनके परिसर में बम रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि दो चिकित्सा संस्थानों - शाहदरा स्थित इहबास और लाजपत नगर स्थित विमहन्स अस्पताल को भी ई-मेल मिले और इनमें भी कहा गया था कि उनके परिसरों में बम रखे गए हैं।

### कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

एक अधिकारी ने बताया कि इन ई-मेल की सूचना मिलने के बाद बम का पता लगाने वाले दस्ते, बम निरोधक दस्ते, अग्निशमन अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने प्रतिष्ठानों की जांच की, लेकिन किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इहबास के निदेशक डॉ. राजिंदर धमीजा ने कहा कि तलाशी के दौरान कोई अफरातफरी नहीं मची क्योंकि पुलिस ने बिना किसी रुकावट के अपना कर्तव्य निभाया। डॉ. धमीजा ने बताया कि अस्पताल को सुबह नौ बजकर 39 मिनट एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को बम की धमकी के बारे में सूचित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा व्यापक तलाशी ली गई, जिसमें अग्निशमन विभाग, बम का पता लगाने वाला दस्ता, बम निरोधक और स्थानीय पुलिस की टीमें शामिल थीं, जिसके बाद सूचना को एक फर्जी माना गया।

### परिसरों का किया निरीक्षण

पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने आश्वासन दिया कि चिंता का कोई कारण नहीं है। डॉ. धमीजा ने कहा कि इस पूरी अवधि के दौरान अस्पताल में कामकाज बिना रुके चलता रहा और किसी भी तरह की दहशत की स्थिति नहीं बनी और सब कुछ पूरी तरह नियंत्रण में रहा। पिछले एक महीने में राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों और अस्पतालों सहित कई प्रतिष्ठानों को उनके परिसरों में बम रखे होने की सूचना देने वाले ई-मेल प्राप्त हुए हैं। दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को 30 अप्रैल को बम रखे होने की सूचना मिली, जबकि एक मई को रूस स्थित एक 'मेलिंग सेवा कंपनी' की ओर से 150 से अधिक स्कूलों को बम रखे होने की जानकारी दी गई। बारह मई को साइप्रस स्थित एक मेलिंग सेवा कंपनी से ई-मेल के माध्यम से 20 अस्पतालों, आईजीआई हवाई अड्डे और दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे के सीपीआरओ कार्यालय में बम रखे होने की सूचना दी गई। चौदहा मई को साइप्रस स्थित उसी मेलिंग सेवा कंपनी से दिल्ली के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना दी गई। बाईस मई को नॉर्थ ब्लॉक, जहां गृह मंत्रालय का कार्यालय स्थित है, को जीमेल.कॉम डोमेन से ईमेल भेजकर बम रखे होने की जानकारी दी गई। इसके बाद 23 मई को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक महाविद्यालयों को उनके परिसरों में बम रखे होने की सूचना दी गई। दिल्ली पुलिस का विशेष प्रकोष्ठ ईमेल भेजकर बम रखे होने की फर्जी सूचना देने के मामले की जांच कर रहा है।

## नोएडा : लूट की फर्जी घटना को अंजाम देने के आरोप में तीन धरे

### आरोपियों से 38 लाख रुपये बरामद

एजेंसी नोएडा



उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने 38.50 लाख रुपये की कथित लूट के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनिति ने बताया कि मंगलवार रात थाना फेज- दो पुलिस को सूचना मिली की सेक्टर 136 के निकट दो बदमाशों ने बाइक सवार अशोक और सुनील पांडे की मोटरसाइकिल को रोककर उनसे पैसों से भरा बैग लूट लिया। बैग में करीब 38.50 लाख रुपये थे। अधिकारी के मुताबिक, अशोक और सुनील जिस व्यापारी के पास काम करते हैं, उन्हीं के पैसों को लूटने की योजना बनाई थी। इस योजना में आरोपियों के एक साथी ने भी योगदान दिया था। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ करने पर लूट की वारदान को अंजाम देने की योजना का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से लूटी हुई पूरी रकम और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि तीसरे आरोपी की पहचान सिकंदर के रूप में हुई, जिसे मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

### बकरीद की खुशियां हुईं गायब!

# चोरों ने दो लाख रुपये के छह बकरे चुराए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीराबाद में तीन लोगों ने छह बकरे चुरा लिये, जिसके बाद उनके मालिकों को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वे अगले हफ्ते बकरीद कैसे मनायेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को वजीराबाद में हुई यह चोरी सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।

ये बकरे दो व्यक्तियों के थे, जिन्होंने उन्हें अपने घरों के पास खाली जमीन पर बांध रखे थे। इस भूखंड के दरवाजे पर उन्होंने ताला लगा दिया था। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि चूंकि (चोरों की) यह 'आई20' कार संकरी गली के अंदर नहीं जा पायी तो ऐसे में मफलर से चेहरा ढ़के तीन लोग (चोर) पैदल ही भूखंड तक गये। सीसीटीवी में दिख रहा है कि उन्होंने 'गैसकटर' से ताला काट दिया और फिर एक-एक कर बकरों को वहां से ले गये। फिर वे बाहर खड़ी कार में उन्हें डालकर वहां से चले गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजकर 25 मिनट पर चोरी के बारे में कॉल की गयी। उनके मुताबिक, पुलिस को बताया गया कि दो महीने पहले ही इन बकरों को अगले हफ्ते बकरीद पर कुर्बानी देने के लिए खरीदा गया था। चुराये गये चार बकरों के मालिक मोहम्मद राशिख ने कहा कि यह हमारी पवित्र रीति है कि हम बकरीद पर कुर्बानी देने से पहले कुछ दिनों तक उन्हें (बकरों को) अपने पास खिलाते हैं। इन छह बकरों की कीमत दो लाख रुपये से अधिक थी। राशिख अंशकालिक व्यापार करते हैं और वह अपनी पत्नी एवं तीन बच्चों के साथ एक मकान में रहते हैं। इसी मकान के बगल के भूखंड में इन बकरों को उन्होंने रखा था। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस को सूचना दे दी है, लेकिन उनके वापस मिलने की संभावना बिल्कुल कम है। शायद, इस बार हम एक या दो बकरों से ही त्योहार मना पायेंगे, मैं जल्द ही एक-दो बकरे खरीदूंगा। चुराये गये दो बकरों के मालिक मोहम्मद साकिब ने कहा कि यह घटना तब हुई जब सब लोग सो रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी तरह, हमने बकरीद पर कुर्बानी के वास्ते दो बकरे खरीदने के लिए पैसे जुटाये थे। मेरे पास और बकरे खरीदने के लिए अब पैसे नहीं हैं। साकिब 'मेडिकल रिप्रेंजटेटिव' का काम करते हैं। वह भी उस भूखंड के बगल के एक मकान में रहते हैं।

## समस्याओं को जानने के लिए वार्ड का दौरा करें अधिकारी : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के करोल बाग के अंतर्गत आने वाले वार्डों की समस्याओं को जानने के लिए उपायुक्त, अधिकारी दौरा करें। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को करोल बाग जोन से संबंधित मुद्दे पर चर्चा व समाधान के लिए पार्षदों व अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों व नागरिकों से संबंधित समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। महापौर ने बताया कि बैठक का उद्देश्य वार्ड के स्थानीय मुद्दों को समझना, प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करना और उनका हल करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस तरह की समीक्षा बैठक नियमित रूप से की जा रही है। बैठक में महापौर ने वार्ड में आवारा पशुओं की समस्या, सफाई व्यवस्था, पार्किंग, अतिक्रमण, नालों से गाद, स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों, सड़कों, एफसीटीएस, क्षेत्रों में पार्कों की स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में करोलबाग जोन के पार्षद, जोनल उपायुक्त अभिषेक कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 'बात बस्तर की' पुस्तक का लोकार्पण



हरिभूमि. नई दिल्ली। डॉ. अंजली की किताब 'बात बस्तर की' का बुधवार को लोकार्पण किया गया। यश पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह किताब बस्तर के आदिवासियों के जीवन पर आधारित है, जिसमें उनके जीवन की चुनौतियों, धार्मिक रूढ़ियों, परंपराओं तथा सामाजिक मान्यताओं का विश्लेषण किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन मंडी हाउस स्थित साहित्य अकादमी सभागार में किया गया। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कलाकेंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, तथा बस्तर विषय विशेषज्ञ राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित थे। इस किताब की लेखिका डॉ. अंजली कुमारी बहुत सी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में लिखने के साथ-साथ साहित्यकारों के साथ साक्षात्कार एवं चर्चाएं करती रहती हैं। वर्तमान में डॉ. अंजली डीयू में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं। पुस्तक के बारे में चर्चा करते हुए लेखिका ने कहा कि इस किताब में मैंने बस्तर के आदिवासियों के जीवन के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालने की

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | विभिन्न कार्यों के ऑनलाइन पंजीकरण और डेटा प्रोसैसिंग हेतु। | 10.06.2024 18.06.2024 | 80 लाख | http://www.bseh.org.in | 8168476169 asmm@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26671/I/88/7 दि. 12.06.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी अम्बाला | सेक्टर-30, शहरी सम्पदा, कुरुक्षेत्र में सीवर लाइंस की सफाई और सीवर लाइन को पुनः बिछाना तथा मैन होल का निर्माण। "सीवर लाइन को पुनः बिछाना, मैन होल, 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का निर्माण, सभी प्रकार से पूर्ण सीवर लाइन की सफाई और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (एक वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी/रखरखाव समेत) + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 18.06.2024 | 2.66 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9050133999 xenambhsvp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/80/26661/I/88/7 दि. 12.06.24

## दिल्ली सरकार एवं जल बोर्ड की मिलीभगत से हो रही है पानी की चोरी

# भाजपा ने पानी की चोरी के मुद्दे पर पुलिस आयुक्त को सौंपा शिकायत पत्र








हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा बुधवार को दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मिले और सांसद योगेन्द्र चंदोलिया की उपस्थिति में उन्हें दिल्ली में दिल्ली सरकार एवं दिल्ली जलबोर्ड की सांठगांठ से चल रहे टैंकर माफिया की लूट के खिलाफ एक शिकायत पत्र सौंपा। इस मौके पर मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, कार्यालय मंत्री बृजेश राय एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त को दिए शिकायत पत्र में कहा गया कि दिल्ली में जल संसाधनों की चोरी एक अपराधिक गतिविधि है जो दिल्ली सरकार एवं जल बोर्ड की मिलीभगत के साथ हो रही है।

सचदेवा ने कहा कि आश्चर्यजनक है कि जल चोरी का खेल हरियाणा से दिल्ली में यमुना जल घुसने के पहले बिंदु मुनक नहर क्षेत्र से ही शुरू हो जाता है। मुनक नहर क्षेत्र में रात दिन ऐसे निजी टैंकरों की लाइन लगी रहती है जिनके मालिक दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। इसी तरह दिल्ली के हर जल सयंत्र या जल पंपिंग स्टेशन और खासकर बोरवेल पर भी सरकारी ही नहीं निजी टैंकरों की भी लाइन देखी जा सकती है। दिल्ली सरकार के पास केवल 900 एमजीडी पानी को उपचारित करने की क्षमता है। वर्तमान में दिल्ली में 52 प्रतिशत पानी की चोरी या बर्बादी हो रही है, और यदि वर्तमान स्थितियों पर रोक नहीं लगाया गया तो यह आंकड़ा 60 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है।

### जल मंत्री से लेकर संयंत्र अधिकारियों तक सबकी भूमिका है संदिग्ध

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने शिकायत में कहा है कि इस सब में दिल्ली की जल मंत्री से लेकर संयंत्र अधिकारियों तक सबकी भूमिका संदिग्ध है अतः इसे देखते हुए भारतीय दंड संहिता की संबंधित और अन्य प्रासंगिक धाराओं और कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज करें। सचदेवा ने अपने पत्र में कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड पाइपलाइनों से रिसाव से पानी की बर्बादी की शिकायतें पिछले 10 वर्षों से चल रही हैं। इतने लंबे समय से चली आ रही समस्या के बावजूद, दिल्ली सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई या मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया है। जल बर्बादी राजधानी में मौजूदा जल संकट का महत्वपूर्ण कारण बनी है।

### जांच करने के लिए एक विशेष जांच टीम करें गठित

भाजपा ने अपने शिकायत पत्र में लिखा है कि उपरोक्त मुद्दों की जांच करने के लिए एक विशेष जांच टीम गठित करें क्योंकि इससे दिल्ली की बड़ी आबादी प्रभावित होती है और इस जल टैंकर घोटाले में ना सिर्फ जल बोर्ड के छोटे बड़े अधिकारियों के बल्कि सत्ताधारी दल के नेताओं की संलिप्तता की संभावना है। सचदेवा ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी मार्लेना कई बार कह चुकी है कि दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, इसलिए हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त मात्रा में पानी की आपूर्ति करनी होगी पर साथ ही मंत्री आतिशी ने कहा है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति के लिए आवश्यक भंडारण और उपचार सुविधाएं नहीं हैं।

## अब एडीएम और एसडीएम पानी की पाइप लाइनों की करेंगे निगरानी : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिल्ली में पाइप लाइन के लीकेज से होने वाले पानी की बर्बादी को रोकने लिए एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने आदेश जारी कर मुख्य सचिव को इस पर अमल करने को कहा है। ये अधिकारी पानी की पाइप लाइनों की मॉनिटरिंग करेंगे और कहीं पर लीकेज मिलता है तो 12 घंटे के अंदर उसको दुरुस्त करेंगे। इसके अलावा, तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जाएगी, जो पानी के टैंकरों की व्यवस्था और इससे संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 'क्विक रिस्पांस टीम' के रूप में कार्य करेंगे। इस बाबत दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि लीकेज से पानी की बर्बादी को रोकने के लिए मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग की जाए। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एडीएम और एसडीएम की स्पेशल टीमें तैनात की जाए। उन्होंने कहा कि ये टीमें मुख्य जल स्रोत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वहां से प्राथमिक यूजीआर तक मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग करेंगी। बता दें कि 30 मई को भीषण गर्मी की स्थिति और पानी की बढ़ती मांग के मुद्दे पर दिल्ली सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 5 जून से प्रत्येक जोन में एडीएम व एसडीएम स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही तहसीलदार और अन्य अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जाएगी, जो पानी के टैंकरों की व्यवस्था और पानी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 'क्विक रिस्पांस टीम' के रूप में कार्य करेंगे।

## पानी की चोरी एवं कालाबाज़ारी को बढ़ावा दे रही है मंत्री आतिशी : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्ली में पानी कमी के दावे कर करके अपनी पार्टी के लोगों की पानी की चोरी एवं कालाबाजारी को बढ़ावा दे रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों की टैंकर माफियाओं के साथ मिलीभगत कर पानी की चोरी को उजागर करते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने पालम से आप विधायक भावना गौड़ द्वारा टैंकर माफिया को संरक्षण देने के कारनामें को फोटो एवं कागजों के साथ उजागर किया और कहा कि पालम में विधायक के नजदीकियों के टैंकरों का खेल चल रहा है। सचदेवा ने कहा कि जल मंत्री आतिशी इस बात का जवाब दें कि जब उनके ही लोग पानी की चोरी कर रहे हैं तो वह आखिर क्यों जान बूझकर पानी की कमी की साजिश करके दिल्ली की जनता को गुमराह कर रही है। सचदेवा ने आम आदमी पार्टी की पालम से विधायक भावना गौड़ द्वारा टैंकर माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पालम की एक वार्ड अध्यक्ष अपर्णा जो विधायक भावना गौड़ के कार्यालय की प्रभारी है, एवं उनके पति महेश कुमार के नाम पर अनेक टैंकरों के नंबर पंजीकृत हैं। अपर्णा के टैंकर का नम्बर है डी एल 1 एल डब्लू 7397 है। सचदेवा ने इसके साथ ही यह भी उजागर किया कि इसी तरह आम आदमी पार्टी के पालम विधानसभा अध्यक्ष संदीप चौधरी के नाम पर भी दो टैंकर चलते हैं जिसमें पहला, डी.एल. 1 एल एक्स 9332 एवं दूसरा डी.एल. 1 एल डब्लू 4000 पंजीकृत हैं। सचदेवा ने कहा है कि यह तो एक विधायक के संरक्षण के मामले हैं। पुलिस जांच में ऐसे और भी सैकड़ों मामले सामने आ सकते हैं।

## दिल्ली को पर्याप्त जलापूर्ति नहीं करने पर हरियाणा के खिलाफ कार्रवाई के लिए याचिका दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली और हरियाणा की सरकार से उस याचिका पर जवाब देने के लिए कहा जिसमें राष्ट्रीय राजधानी को पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति नहीं करने के लिए हरियाणा के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। भीषण गर्मी के कारण दिल्ली के कई इलाकों के लोग गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्ण की अवकाशकालीन पीठ ने नोटिस जारी किया और दिल्ली और हरियाणा की सरकारों और हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। उच्च न्यायालय इस मामले में अगली सुनवाई 24 जुलाई को करेगा। उच्च न्यायालय अधिवक्ता एसबी त्रिपाठी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि हरियाणा राज्य ने दिल्ली को पानी की आपूर्ति कम कर दी है, वह भी गर्मी के मौसम में, और यह कम आपूर्ति 'जानबूझकर' और गलत मंशा के साथ की गई। याचिकाकर्ता ने कहा कि हरियाणा ने मई 2023 में उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया था कि ऊपरी तटवर्ती राज्य हरियाणा से दिल्ली के हिस्से के रूप में 719 क्यूसेक पानी का आवंटन किया गया है, लेकिन वह राष्ट्रीय राजधानी को लगभग 1040 क्यूसेक पानी की आपूर्ति कर रहा है जिसमें उसके खुद के नागरिकों के हिस्से का लगभग 321 क्यूसेक पानी शामिल है। वर्ष 2023 के हलफनामे में कहा गया था कि आज तक हरियाणा ने 1040 क्यूसेक पानी की आपूर्ति में कटौती के बारे में कभी कुछ नहीं कहा।

## पानी की चोरी पर एलजी ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख मांगी पूरी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर अब उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख निर्देश दिया है कि पानी चोरी की पूरी रिपोर्ट एक हफ्ते के अंदर सौंपी जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एलजी ने पानी चोरी रोकने को लेकर आयुक्त को सख्त निर्देश दिए कि कहीं भी पानी की चोरी नहीं होनी चाहिए। टैंकर माफिया हो या लाइनों अथवा नहरों से पानी चोरी करने वाले, सब पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। एलजी ने निर्देश दिए है कि पानी चोरी को लेकर पूरी रिपोर्ट जल्द सौंपी जाए। सूत्रों का कहना है कि एलजी ने आयुक्त को खासकर मुनक नहर से टैंकरों द्वारा किए जा रहे पानी चोरी पर तुरंत सख्ती से लगाम लगाई जाए। एलजी ने निर्देश दिए कि हर हाल में पानी की चोरी को लेकर निगरानी की जाए, जिससे की पानी की कमी न हो। इसी के साथ एलजी ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिया है कि टैंकर माफियाओं को पकड़े और उन लोगों पर भी नजर रखे जो पहले भी इस तरह के कार्यों में लिप्त रहे हैं। चोरी करते पकड़े जाने पर तुरंत मुकदमा दर्ज किया जाए, किसी को भी बक्शा नहीं जाना चाहिए। एलजी ने अपने निर्देश में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से मिलकर पुलिस चोरी रोकने के लिए सभी कदम उठाते हुए निगरानी तंत्र मजबूत करे। बता दें कि दिल्ली में लंबे समय से चले आ रहे जल संकट पर दिल्ली सरकार व राजभवन एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे है। दिल्ली सरकार जल संकट को लेकर कोर्ट भी पहुंच गई, लेकिन कोर्ट में उल्टा दिल्ली सरकार को ही जबरदस्त फटकार लगी है। कोर्ट ने केजरीवाल सरकार से पूछा है कि वह बताएं की लीकेज रोकने, चोरी रोकने, आपूर्ति तंत्र बढ़ाने से लेकर जल शोधन की मात्रा बढ़ाने के लिए अब तक क्या किया है। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए केजरीवाल सरकार से पूछा कि वह बताएं अब तक पानी चोरी करने वाले अथवा पानी माफिया पर कितने केस दर्ज कराए है।

## पानी की किल्लत पर फिर दिल्ली कांग्रेस ने उठाए सवाल, पानी माफिया के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में इन दिनों चल रहे भीषण जल संकट पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और केजरीवाल सरकार के बीच आरोप प्रत्यारोप नहीं, बल्कि दोनों को मिलकर लोगों को राहत देनी चाहिए। देवेंद्र ने कहा कि दिल्ली को समय पर पानी मिले इसके लिए हरियाणा और दिल्ली सरकार आपस में मिलकर सबसे पहले जल संकट का निदान करें न की इस पर राजनीति करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी माफिया की सक्रियता के लिए जो भी लोग जिम्मेदार है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम में दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया है इसलिए जल संकट से निपटने की उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें वो पूरी तरह विफल रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी के कारण दिल्ली की जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है और दिल्लीवासियों को जो पानी मिल रहा है। अगर आ भी रहा है तो नलो तक गंदा पानी ही आ रहा है।

## पावर फेल होने से संयंत्रों में घटा जल शोधन कार्य, क्षमता से नीचे गिरा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे जल संकट में पावर कट और कच्चे पानी की कमी ने एक तरह से खाज में कोढ़ का कार्य किया है। पावर कट और कच्चे पानी की कमी की वजह से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कई संयंत्रों में कच्चे जल शोधन में कमी दर्ज हुई है। जिससे लगभग 36 एमजीडी पानी की कमी आई है। बुधवार को भी गीता कालोनी, देवली, संगम विहार, साकेत, चाणक्यपुरी, खानपुर, अंबेडकर नगर, बुराड़ी, नरेला, कादीपुर, लिबासपुर, सिरसपुर, भलस्वा डेयरी, मुकुंदपुर, आजादपुर, भडोला गांव, हैदरपुर, जहांगीरपुरी, करोल बाग, करावल नगर, सीलमपुर, दुर्गा विहार, पटपटगंज, लक्ष्मी नगर आदि क्षेत्रों में पानी की किल्लत देखी गई। इस बारे में डीजेबी के समर एक्शन प्लान के एक आला अधिकारी ने बताया कि बिजली संकट व और कच्चे पानी की कमी की वजह से वजीराबाद व चंद्रावल सहित लगभग सभी जल शोधन संयंत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इनमें वजीराबाद व हैदरपुर संयंत्र मुनक नहर में पानी की कमी के चलते प्रभावित हुए। अधिकारी ने बताया कि इन संयंत्रों की अपनी तय कार्य क्षमता से भी कम होने से लगभग 36.3 एमजीडी जल शोधन नीचे गिर गया, जिससे संकट बढ़ा। अधिकारी ने बताया कि डीजेबी के 9 संयंत्रों की जल शोधन क्षमता 821 एमजीडी है, जबकि 135 एमजीडी पानी रेनी वेल व टयूब वैल से प्राप्त किया जाता है। डीजेबी के सभी 9 संयंत्रों ने अपनी तय क्षमता 821 एमजीडी की जगह केवल 748.70 एमजीडी पानी का ही शोधन किया। जहां पानी की कमी से वजीराबाद व हैदरपुर संयंत्रों में जल शोधन में कमी आई।

# दिल्ली के एक बड़े हिस्से की शोभा बढ़ाएंगे ट्यूलिप : एनडीएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) आने वाले फूलों के मौसम में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक बड़े हिस्से की शोभा बढ़ाएंगे। एनडीएमसी प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वसंत में पहली बार एनडीएमसी क्षेत्र/लुटियन जोन के बाहर खिले विदेशी ट्यूलिप, आने वाले फूलों के मौसम में दिल्ली के बड़े हिस्से को सजाएंगे, जिसके लिए दिल्ली की हरियाली एजेंसियों द्वारा 9 लाख से अधिक ट्यूलिप खरीदे जाने की योजना है। इस साल 9 लाख ट्यूलिप, 2023 की सर्दियों में दिल्ली में लगाए जाने वाले ट्यूलिप की संख्या (5 लाख ट्यूलिप) से लगभग दोगुने और 2022 में लगाए जाने वाले ट्यूलिप की संख्या (1.5 लाख ट्यूलिप) से लगभग छह गुना अधिक होंगे। इस साल लक्ष्य दिल्ली भर में लगभग 200 प्रमुख स्थानों पर ट्यूलिप लगाने का है। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के उद्देश्य और राष्ट्रीय राजधानी को 'फूलों के शहर' में बदलने पर दिए गए जोर के अनुरूप शहर भर में ट्यूलिप और अन्य फूलों के रोपण में वृद्धि है। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि मंगलवार को एलजी सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी फूलों के मौसम में ट्यूलिप की सोर्सिंग और रोपण के लिए एक खाका तैयार किया गया।

## भाजपा बूथ प्रबंधन टीम ने दिल्ली और भाजपा कार्यकर्ताओं का किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा बूथ प्रबंधन टीम ने दिल्ली में सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत एवं नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने पर दिल्ली और भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया है। प्रदेश बूथ प्रबंधन टीम के संयोजक तिलक राज कटारिया ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा की बूथ प्रबंधन टीम ने जिसमें सभी लोक सभा बूथ प्रबंधन संयोजक एवं जिला बूथ प्रबंधन संयोजक तथा सभी 256 वार्ड के बूथ प्रबंधन संयोजकों व सह संयोजक विवेक त्यागी तथा सभी लोक सभा विस्तारकों ने बूथ स्तर पर गहन संपर्क किया और यह एक सराहनीय प्रयास कार्य है। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के कुशल नेतृत्व में तथा संगठन महामंत्री पवन राणा के मार्गदर्शन में दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार भी दिल्ली की सातों लोकसभा जीत कर इतिहास रच दिया।

## निगम अधिकारियों की मिलीभगत से दिल्ली में हो रहा है अवैध निर्माण : राजा इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जहां नजर उठा कर देखो वहां अवैध निर्माण जोरों से चल रहा है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली नगर निगम की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी को इसकी कोई सुध नहीं है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने संपूर्ण दिल्ली में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर निगम महापौर डॉ शैली ओबरॉय, आम आदमी पार्टी एवं दिल्ली नगर निगम के प्रशासन पर निशाना साधते हुए उक्त बातें बुधवार को कही। उन्होंने ने कहा कि निगम में आप पार्टी के शासन में अधिकारी निरंकुश हो गए हैं एवं आम आदमी पार्टी की छत्रछाया में अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर अधिकारियों से मिलीभगत कर अवैध निर्माण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निगम की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी एवं निगम प्रशासन की मिलीभगत से दिल्ली की जनता का जीवन बेहाल है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निगम प्रशासन को चेतावनी देती है कि भ्रष्टाचार का दामन छोड़ दिल्ली की जनता के बारे में भी कुछ सोचे।

## मनुज सिंघल ने संभाला डीएमआरसी के निदेशक इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्यभार



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक के पद पर नियुक्त मनुज सिंघल ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 1994 बैच के भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आईईएस) अधिकारी सिंघल के पास कई प्रमुख पदों पर लगभग तीन दशकों का बहु-विषयक अनुभव है। निदेशक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में सिंघल डीएमआरसी में सिविल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल, एएफसी, टेलीकॉम, रोलिंग स्टॉक, सोलर पावर आदि सहित बुनियादी ढांचे के रखरखाव के प्रभारी होंगे। दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्नातक और स्नातकोत्तर सिंघल ने अपना करियर नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) से शुरू किया और उसके बाद आईईएस के माध्यम से दूरसंचार विभाग में शामिल हो गए। वह 2006 से डीएमआरसी के साथ काम कर रहे हैं और इस पद को संभालने से पहले, वह कार्यकारी निदेशक रोलिंग स्टॉक, प्रोजेक्ट के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं, सम्मेलनों में कई तकनीकी पत्र प्रकाशित किए हैं।

## विकास के लिए 15 जून तक एजेंसियां तैयार करें एक्शन प्लान : राय

# दिल्ली सरकार 900 करोड़ रुपए से दिल्ली के गांवों का करेगी कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार 900 करोड़ रुपए से दिल्ली के गांवों का कायाकल्प करेगी। इसके लिए मंत्री गोपाल राय ने सभी एजेंसियों से 15 जून तक एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है। गौरतलब है कि बुधवार को विकास मंत्री गोपाल राय ने गांवों में विकास कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए ग्रामीण विकास बोर्ड और उसकी कार्यकारी एजेंसी एमसीडी और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। राय ने बताया कि गांवों में विभिन्न विकास कार्य के लिए चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ग्रामीण विकास बोर्ड ने 1387 प्रस्ताव पास किए थे। अब इन कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाएगा। सभी एजेंसियां 15 जून तक अपना एक्शन प्लान तैयार कर लें और 19 जून को सभी विधायकों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में आ रही समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा की जाएगी। 27-28 जून को कागजी काम निपटाने और विकास कार्य में तेजी लाने के लिए सभी विभाग सचिवालय में कैंप लगाएंगे। हमारे पास इन विकास कार्यों को पूरा करने के लिए अक्टूबर तक का ही समय है, लेकिन हम इसे पूरा कर लेंगे।

विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सभी गांवों के विकास के लिए बुधवार से युद्ध स्तर पर तैयारी शुरु कर दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से दिल्ली में नए विकास कार्य करने के लिए निर्णय लेना संभव नहीं था। इसलिए आचार संहिता खत्म होते ही केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के विकास की गति को तेज करने के लिए अपनी रफ्तार बढ़ा दी है। दिल्ली में शहरीकृत और ग्रामीण गांव की संख्या काफी बड़ी है। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में गांवों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पहली बार 900 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

गोपाल राय ने कहा कि ग्रामीण विकास बोर्ड के तहत दो कार्यकारी एजेंसी एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग विकास का काम करती हैं। इस साल दिल्ली के गांवों की सभी सड़कों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले हमने ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक की थी। उस बैठक में कई विधायकों ने अपनी-अपनी विधानसभाओं से संबंधित 1,387 प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखे थे और बोर्ड ने सभी 1,387 प्रस्तावों को पास कर दिया था। इन कार्यों को पूरा करने के लिए तीन स्तर की प्रक्रिया होती है। पहले बोर्ड इसको स्वीकृति देता है। इसके बाद बोर्ड की कार्यकारी एजेंसियां एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग इन कार्यों का टेंडर करते हैं और इसे जमीनी स्तर पर लागू करवाते हैं।

- चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ही ग्रामीण विकास बोर्ड ने 1387 प्रस्ताव पास किए थे

### जुलाई माह में शुरू हो जाएगी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया

गोपाल राय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जून के महीने में सभी आधिकारिक फाइल वर्क को पूरा कर लिया जाए। जुलाई में इन कामों की टेंडर प्रक्रिया शुरु हो जाएगी और अगस्त तक इनका वर्क ऑर्डर हो जाएगा। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर में इन कामों को पूरा कर लिया जाएगा।

### अक्टूबर तक गांवों में पूरे करने हैं विकास कार्य

गोपाल राय ने बताया कि आज हमने बैठक करके ग्रामीण विकास बोर्ड और इससे जुड़ी सभी एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वो 15 जून तक अपना टाइम लाइन तय करें। इन कार्यों को पूरा करने के लिए हमारे पास अक्टूबर तक का ही समय है। क्योंकि नवंबर में दिल्ली में ग्रैप लागू होता है, जो दिसंबर तक लागू रहता है। इसके बाद जनवरी में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए हमारे पास केवल अक्टूबर तक का समय है। हमारे पास इसके लिए बजट है और बोर्ड ने भी सभी कार्यों की अनुमति दे दी है। अब इसे केवल लागू करना बाकी है।

### दिल्ली सचिवालय में 27 और 28 जून को लगेगा कैंप

गोपाल राय ने कहा कि आगामी 19 जून को सभी विधायकों की मीटिंग बुलाई गई है। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारी अलग-अलग विधान सभा क्षेत्र से आने वाले प्रस्तावों की स्टेटस रिपोर्ट विधायकों के सामने रखेंगे। साथ ही उन्हें ग्राउंड लेवल पर आ रही समस्याओं को भी हल किया जाएगी। इस दौरान सभी विधानसभाओं की समीक्षा की जाएगी। अलग-अलग विभागों के एनओसी और अन्य कागजों की जरूरत होती है। इसलिए अगर को कोई समस्या रह जाती है तो उसके समाधान के लिए हम दिल्ली सचिवालय में 27 और 28 जून को विशेष कैंप लगाएंगे।

## केंद्र की योजनाओं को अपना बता कर झूठा श्रेय लेने का आप ने रचा छलावा : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात में 962 करोड़ रूपए की केन्द्रीय विकास योजनाओं के शीघ्र प्रारम्भ होने की जानकारी पाते ही बौखलाई अरविंद केजरीवाल सरकार ने उसे अपनी योजना बता कर झूठा श्रेय लेने का छलावा रचा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को केजरीवाल सरकार को घेतरे हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार एक छलावा सरकार है जो पूरी दिल्ली की ही तरह दिल्ली देहात की जनता का भी विश्वास खो चुकी है और अब जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। सचदेवा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली देहात के विकास की चिंता का परिणाम है कि 2022 के नगर निगम चुनाव में दिल्ली देहात के अधिकांश निगम वार्डों में और 2024 के लोकसभा चुनाव में अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों में जनता ने भाजपा को जिताया। सचदेवा ने कहा कि अपने लगभग दस वर्ष के शासन में अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली देहात के विकास की पूरी तरह उपेक्षा की।

## खबर संक्षेप

### टक्कर से बाइक सवार अकाउंटेंट की मौत




**गुरुग्राम।** भौंडसी थाना एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार अकाउंटेंट की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में हिसार निवासी प्रवीण कुमार ने कहा कि उसका छोटा भाई गोविंद शर्मा गुड़गांव के अलीपुर स्थित एक कंपनी में अकाउंटेंट था।

### कस्टमर केयर अधिकारी बनकर 86 हजार ठगे



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में बैंक का कस्टमर केयर अधिकारी बनकर व्यक्ति से 86 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। शिकायत में महाराष्ट्र के नागपुर निवासी जगदीश ठाकरे ने कहा कि वह गुरुग्राम के बोहड़ाकला स्थित ओआरसी में रह रहा है। अधिकारी ने अकाउंट से तीन बार में कुल 86 हजार 13 रुपए निकाले।

### गुर्जर की हैट्रिक और मंत्री बनने लडडू बांटे



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने और केंद्र की मोदी सरकार में कृष्णपाल गुर्जर के तीसरी बार मंत्री बनने पर एनएच-3 शिवाजी पार्क के निकट चिमनीनाई धर्मशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर कपूर ने लोगों को लडडू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और पीएम मोदी को दिल से धन्यवाद दिया।

### देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शंकर उर्फ टिंकू गांव नवादा फरीदाबाद का रहने वाला है। उसे गस्त के दौरान फज्जूपुर चौक सेक्टर-76 बीपीटीपी से काबू किया है। तलाशी लेने पर उससे देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुई है। उसके खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर काबू किया गया है।

### हवाबाजी के लिए खरीदा कट्टा गिरफ्तार कर भेजा जेल



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश गांव पारोली जिला अलीगढ़ यूपी हाल संतोष नगर सराय ख्वाजा का रहने वाला है। उसे सराय ख्वाजा के एरिया संतोष नगर से काबू किया है। तलाशी लेने पर देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। थाना सराय ख्वाजा में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर काबू किया गया है।

### इंवेस्टमेंट के नाम पर फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लभगढ़ की टीम पुलिस चौकी अग्रसेन ने 2020 से फ्रॉड के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजू कुमार गांव सिवार जिला अयोध्या यूपी का तथा हाल में पंजाब के रुपनगर जिले की पावर कॉलोनी का रहने वाला है। उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लोगों से इंवेस्टमेंट के नाम पर रुपयों का फ्रॉड करता है।

## नमो भारत के यात्रियों को मिली सुविधा

# आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप पर इलेक्ट्रिक बसों का विवरण और टाइम टेबल आसानी से देख सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने नमो भारत के यात्रियों की लास्टमाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के साथ मिलकर गाजियाबाद के सभी आरआरटीएस स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक बस सेवा उपलब्ध कराई है।

इसके लिए आरआरटीएस स्टेशनों के प्रवेश-निकास द्वारों के पास ही इन इलेक्ट्रिक बसों के लिए बस स्टॉप निर्धारित किए गए हैं।

सीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि आरआरटीएस स्टेशनों के पास निर्धारित स्टॉप पर ये बस सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिसकी मदद से यात्री बसों और नमो भारत ट्रेनों के बीच आसानी से आवागमन कर सकेंगे। अभी ये सुविधा गाज़यिाबाद के 7 अलग-अलग मार्गों के लिए उपलब्ध होंगी, जिसके लिए इन रूट्स पर लगभग 50 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जा रही हैं।

**खास बातें**

- एप और वेबसाइट से मिलेगी जानकारी
- इलेक्ट्रिक बसों के रूट को एकीकृत किया गया
- दिल्ली और मेरठ पहुंचना हुआ आसान



### आसानी से निकटम आरआरटीएस स्टेशन तक पहुंचेंगे

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्री 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप और आधिकारिक आरआरटीएस वेबसाइट के माध्यम से इन इलेक्ट्रिक बसों के रूट्स और टाइम टेबल की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। अभी वर्तमान मे साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई स्टेशनो को इन इलेक्ट्रिक बस के रूटों के साथ एकीकृत किया गया है। इसके साथ ही मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ स्टेशनों को भी इन सिटी बसों से जोड़ने के लिए बातचीत प्रगति पर है। इन बसों के उपयोग से मंडोला, लोनी, दादरी और मसूरी आदि क्षेत्रों के निवासी अपने निकटतम आरआरटीएस स्टेशन तक पहुँचकर दिल्ली और मेरठ जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों तक अधिक सुविधाजनक तरीके से पहुँच सकते हैं।

### पार्किंग में फास्ट ईवी चार्जर लगाए जाएंगे

एनसीआरटीसी लास्ट माइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए आरआरटीएस स्टेशनों के पार्किंग क्षेत्रों में फास्ट ईवी चार्जर भी लगा रहा है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों और नमो भारत ट्रेनों दोनों का उपयोग बढ़ेगा, साथ ही सार्वजनिक परिवहन साधनों का एक सतत और पर्यावरण के अनुकूल केंद्र भी बनेगा। साहिबाबाद, गाजियाबाद और गुलधर स्टेशनों के आसपास 17 बस मार्गों की पहचान भी की गयी है जिसका संचालन राज्य प्राधिकरण या निजी बस ऑपरेटरों द्वारा किया जा सकता है।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर कहा

# निर्माण, स्वास्थ्य तथा उद्यान विभाग संयुक्त रूप से सफाई पर दें ध्यान अन्यथा होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। मोहन नगर वसुंधरा तथा सिटी जोन के कई स्थानों पर सफाई की व्यवस्था बेहतर मिली किंतु मोहन नगर तथा वसुंधरा क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर सेकेंडरी पॉइंट से कूड़ा देरी से उठने पर स्वास्थ्य विभाग टीम की क्लास लगाई गई। नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा तथा मोहन नगर के सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर तथा चीफ सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

जिसमें वार्ड संख्या 38 मोहन नगर जोन के अंतर्गत सफाई नायक सूरज के अनुपस्थित होने पर सस्पेंड करने की आदेश दिए इसी प्रकार वार्ड संख्या 76 में सफाई नायक दीपक को भी अनुपस्थित होने पर सस्पेंड करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा सेकेंडरी पॉइंट से नियमित समय से कूड़ा उठाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को कड़े निर्देश जारी किए गए।

**खास बातें**

- गंदगी मिलने पर आयुक्त ने ली अधिकारियों की क्लास
- अनुपस्थित मिले दो सफाई नायक हुए सस्पेंड
- जिम्मेदार ठेकेदार पर 50 हजार का अर्थदंड लगाया



### गंदगी फैलाने वालों पर करें कार्रवाई

मोहन नगर मुख्य मार्ग शालीमार गार्डन, पसोंडा क्षेत्र राजेंद्र नगर, वसुंधरा वैशाली मुख्य मार्ग साहिबाबाद सब्जी मंडी के बाहर मुख्य मार्ग, कवि नगर सेक्टर 23 संजय नगर मुख्य मार्ग, का मुख्य रूप से गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग टीम सहित निरीक्षण किया गया जिसमें रहरी पटरी तथा ठेले वालों के द्वारा रात्रि में कूड़ा डालने का विषय सामने आया जिस पर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को गंदगी फैलाने वालों के ऊपर जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाने के लिए कहा तथा सभी व्यापारियों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के लिए भी कहा गया, सफाई की गुणवत्ता में कमी दिखाई देने पर नगर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार की विरुद्ध 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूलने के लिए भी निर्देश दिए।

### मौके पर पाए कचरे को साफ करवाया

नया रेलवे स्टेशन गाजियाबाद तथा वसुंधरा लिंक रोड पर नगर आयुक्त ने भ्रमण के दौरान ग्रीन बेल्ट में सेंट्रल वर्ज की व्यवस्था को भी देखा जिसमें मौके पर ग्रीन बेल्ट के अंदर सीएंडडी वेस्ट पाया गया तथा उद्यान का कचरा भी पाया गया जिसको देखकर नगर आयुक्त मौके पर ही टीम को बुलाकर कार्रवाई कराई गई। उन्होंने उद्यान के वरिष्ठ अधिकारियों को भी रोस्टर बनाकर प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था की टीम को ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज में कार्य करने के लिए कहा गया। अपर नगर आयुक्त को उद्यान विभाग ग्रीन बेल्ट तथा मुख्य सेंट्रल वर्ज पर प्रतिदिन नियमित सफाई व्यवस्था को बेहतर करें मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश दिए।

## घुकना मोड़ से अंबेडकर चौक तक नाले का महापौर ने किया लोकार्पण

### नाला निर्माण से जल भराव की समस्या होगी खत्मः सुनीता दयाल

**गाजियाबाद।** वार्ड 32 में घुकना मोड़ से अम्बेडकर चौक तक नाला निर्माण पूरा होने के महापौर सुनीता दयाल ने 22 लाख की लागत से निर्मित नाले का लोकार्पण किया। पूर्व में नाले की स्थिति बहुत खराब थी कोई भी हादसा होने की स्थिति थी। जिसको लेकर स्थानीय पार्षद ने



महापौर से संपर्क कर नाला निर्माण कार्य के लिए आग्रह किया और मौके की स्थिति से भी अवगत कराया। जिसमें महापौर सुनीता दयाल ने तत्काल फाइल बनवाकर कार्यवाही सुनिश्चित के निर्देश दिए और अब मानसून से पहले नाला निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसका आज लोकार्पण किया गया है। इस रास्ते से लाखों लोगों का निकलना है और बरसात में कोई न कोई हादसा भी हो सकता था जन मानस की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्य तेजी से कराया गया है। महापौर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की प्राथमिकता है कि शहर में जल भराव न हो जिसके लिए विभिन्न नालों का निर्माण कार्य किया गया है।

## सीईओ जिला परिषद ने विकास कार्यों पर दिए निर्देश

# तालाबों की सफाई के साथ इसकी जल संचय क्षमता में वृद्धि करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने ग्रामीण विकास कार्यों जुड़े हर पहलू पर बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने जिला में अमृत सरोवरों, मनरेगा योजना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास योजनाओं और परियोजनाओं बारे अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। जिला में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत जीर्णोद्धार किया गया है।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान आज बुधवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों संग बैठक करके जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य और मनरेगा योजना सहित ग्रामीण क्षेत्र की तमाम विकास योजनाओं और परियोजनाओं की एक-एक करके समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में एसीईओ, स्वच्छता अभियान के कोऑर्डिनेटर उपेंद्र सिंह सहित ग्रामीण विकास अभिकरण के विकास कार्यों की विभिन्न योजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

बता दें कि जिला फरीदाबाद में अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार की मॉनिटरिंग अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा जिला स्तर पर और एसडीएम द्वारा उपमंडल स्तर पर करना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से सभी को मिलकर तालाबों के उद्धार का जिम्मा लेना चाहिए। तालाबों के सफाई के साथ-साथ इसकी जल संचय क्षमता में वृद्धि, चारों तरफ ट्रैक, गऊ घाट और सीढ़ियों का निर्माण किया गया है।

### 75 तालाबों के जीर्णोद्धार की समीक्षा की

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने जिले में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत किए जा रहे जीर्णोद्धार की भी बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अटाली, हीरापुर, गढ़खेढ़ा और मोहना गांवों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने एक-एक करके ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा करवाए जा रहे अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार की समीक्षा बारीकी से करके संबंधित अधिकारियों को दिशा.निर्देश भी दिए।

### तालाबों में गंदा पानी न छोड़े

सतबीर मान ने पंचायती राज जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे गांव में इन तालाबों की साफ-सफाई के लिए खुद भी आगे आएं। तालाबों में गंदा पानी न छोड़ें और इनके संरक्षण के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में तालाबों के पुर्नउद्धार का बीड़ा उठाया है। इसके तहत फरीदाबाद जिला में प्रथम चरण में जिला 75 तालाबों को अमृत सरोवर योजना के तहत जीर्णोद्धार किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर बूंद का सदुपयोग करें व एक-एक बूंद पानी बचाएं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की गई है। हरियाणा प्रदेश में इस कार्य के लिए एक अथॉरिटी बनाई गई है।

## महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नेहा बोलीं

# केंद्र में मजबूत प्रतिनिधित्व मिलने से हरियाणा में विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हरियाणा को बड़ी हिस्सेदारी मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने पूर्व सीएम एवं करनाल से सांसद चुने गए मनोहर लाल, गुरुग्राम से सांसद राव



इंद्रजीत सिंह और फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर को केंद्र में मंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 3 सांसदों को मंत्री बनाकर प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है।

## कुल्हड़ वाली चाय के चक्कर में हुई मौत

# पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ किया मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कुल्हड़ वाली चाय पीने के लिए आधी रात के बाद करीब दो बजे घर से निकले युवक की हाईवे के एनएचपीसी फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक और पीछे बैठी एक युवती को भी चोटें आई हैं। मृतक के शव का बादशाह खान अस्पताल में पोसटमार्टम कराया गया। थाना सेक्टर-31 पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फतेहपुर चंदीला गांव में रहने वाले शुभम ने बताया कि उनके छोटे भाई आलोक ने दोस्त कमल से कुल्हड़ वाली चाय पीने की इच्छा जाहिर की। एनएचपीसी फ्लाईओवर पर चढ़ते समय पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आलोक सड़क पर गिरा और कार ऊपर से निकली।

## मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

# गाड़ी रुकवाकर चालक को बनाया बंधक चाकू की नोंक पर मांगा सरकारी राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राशन डिपो की गाड़ी को रुकवाकर डिपो धारक, उसके चालक को बंधक बना लिया गया। चार घंटे तक गाड़ी को नहीं छोड़ा और पीड़ितों को जाने नहीं दिया गया। डायल 112 पर पुलिस टीम आई, तब जाकर लोगों को छोड़ा गया। थाना धौज में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी चाकू की नोंक पर सरकारी राशन मांग रहा था। न देने पर इस घटना को अंजाम दिया गया।

गांव सिलाखड़ी निवासी समशुद्दीन ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके पास गांव सिलाखड़ी सहित पावटा, गोठड़ा मोहब्बताबाद के राशन डिपो हैं। 10 जून को वह अपने डिपो के लिए गेंहू के कट्टे तिगांव स्थित अनाज गोदाम से ला रहे थे। गोठडा मोहब्बताबाद के गोदाम पर 189 कट्टे उतारकर गाड़ी पावटा के लिए चल दी। वह गाड़ी के आगे बाइक पर चल रहा था।

तभी पावटा के रास्ते गोठड़ा मोहब्बताबाद का रहने वाला राजेंद्र भड़ाना मिल गया। उसने चाकू की नोंक पर उसे और उसकी गाड़ी को रुकवा लिया। गाड़ी के चालक अर्जुन को गाली दी। सभी को खींचकर स्टेडियम के पास ले गया। वहां धमकी देकर बिठा दिया। चालक अर्जुन का फोन छीनकर तोड़ दिया। वह चाकू के बल पर सरकारी गेहूं मांगने लगा। उन्होंने कहा कि यह सरकारी राशन है, ऐसे नहीं दे सकते। इस पर उसने उन्हें चार घंटे तक बंधक बनाए रखा।

## पुलिस चौकी सिकरौना की टीम को मिली सफलता

# मात्र 6 घंटे में यूनिक कोड और क्यूआर कोड से चोरी हुए ऑटो को किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश व पुलिस उपायुक्त यातायात के मार्गदर्शन में फरीदाबाद में चलने वाले सभी ऑटो को एक यूनिक कोड दिया गया है। जिस पर ऑटो के मालिक का नाम व नंबर लिखा होता है। साथ ही एक क्यूआर कोड दिया है। जिसको स्कैन करने पर ऑटो चालक की सभी डिटेल निकल जाती है। जिसकी मदद से आज पुलिस चौकी सिकरौना ने चोरी के ऑटो को मात्र 6 घंटे में बरामद करने सफलता हासिल की है।



पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि धर्मचंद निवासी बालाजी कॉलोनी गांव करनेरा ने करीब 8 बजे पुलिस कंट्रौल रुम को ऑटो चोरी की सूचना दी जिसपर पुलिस चौकी सिकरौना मौके पर पहुंची। मौके से पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे व टोल के कैमरे चैक किए जिससे दिल्ली की तरफ जाने का अनुमान लगा। जिसकी पुलिस टीम तलाश कर रही थी। करीब 2 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को विक्रम नाम के व्यक्ति जो दिल्ली बॉर्डर पर टेक्स उगाने का काम करता है ने सूचना दी कि कालिंदी कुंज के पास एक ऑटो लावारिस अवस्था में काफी समय से खड़ा है। जिसपर लगे क्यूआर कोड से पता चला है कि ऑटो फरीदाबाद का है। जिस पर पुलिस टीम मौके पर ऑटो मालिक के साथ पहुंची। मौके पर ऑटो चालक ने अपने ऑटो की पहचान की तथा पुलिस टीम का तहते दिल से धन्यवाद किया।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर की गई मंत्रणा

# अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश शासन और प्रशासन संयुक्त रूप से चलाएंगे जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने कहा कि शासन और प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा करते हुए कहा कि 5वीं और 8वीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों का पुनः प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को खास दिशा-निर्देश भी दिए। आनंद शर्मा बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

**खास बातें**

- लड़कियों के जन्म का उत्साह मनाना अभियान का लक्ष्य
- 5वीं और 8वीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों का पुन: प्रवेश सुनिश्चित किया जाए

### नियमित रूप से प्रोग्रेस रिपोर्ट दें

शर्मा ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के जन्म का उत्साह मनाना है और उनके लिए शिक्षा के द्वार खोलना तथा उनकी शिक्षा को सक्षम बनाना है। अभियान के जरिये लोगों को प्रेरित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तिथिबद्ध कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, जिला विकास एवं पंचायत विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को गहनता और सुचारु रूप से काम करने के आदेश दिए और नियमित रूप से प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने की हिदायतें भी दी।

### रिपोर्ट सांझा करें

शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि डीपीओ द्वारा हर महीने सांझा की जाने वाली गर्भपात सूची पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आपस में सांझा करें। बीबीबीपी के दूसरे लक्ष्य यानी (बेटी पढ़ाओ) को प्राप्त करने के लिए 5वीं और 8वीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों का पुनः प्रवेश सुनिश्चित करें। किन कारणों से लड़कियों ने स्कूल छोड़ दिया उसका पता लगाकर लड़कियों को फिर से स्कूल में भर्ती कराया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक झोपड़ी पर पलटा, 5 बच्चों समेत 8 की मौत



**हरदोई।** यूपी के हरदोई के मल्लावां में बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मंगलवार रात डेढ़-दो बजे चुंगी नंबर दो के पास ट्रक पलट गया। इसमें हाईवे किनारे झोपड़ी में सो रहे पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। एक बच्ची घायल है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। कानपुर की ओर से ट्रक बालू लादकर हरदोई शहर की ओर जा रहा था। मल्लावां कस्बे में चुंगी नंबर दो के पास अचानक चालक संतुलन खो बैठा। इससे ओवरलोड ट्रक किनारे पलट गया।

### ट्रक और ऑटो की टक्कर, 4 की मौत



**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। एनएचई 327 में मेन रोड खादी भंडार के पास मंगलवार की रात बालू लदे 18 चक्का ट्रक और सवारी लदे ऑटो की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि ऑटो सवार दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। चारों मृतक पंचायत महेशुआ के निवासी हैं।

### पीएलएफआई सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**रांची।** एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के दो सदस्यों



निवेश कुमार उर्फ निवेश पोद्दार और रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। प्रतिबंधित संगठन के दोनों सदस्यों पर सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रचने और रेलवे ठेकेदारों, व्यापारियों व अन्य से जबरन वसूली करने के आरोप हैं।

## देश का पहला राज्य बनेगा यूपी

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' सेंसर तकनीक से लैस होगा गंगा एक्सप्रेसवे, विदेशी संस्थानों से हुए एमओयू, यातायात होगा सुगम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश सरकार मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे को अत्याधुनिक बनाने के लिए एयरो सेंसर तकनीक का उपयोग करेगी। साथ ही एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सेंसर मॉड्यूल लागू होगा।

इस विश्वस्तरीय तकनीक का इस्तेमाल करने वाला यूपी पहला राज्य होगा। इससे यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे में इसका प्रयोग सफल होने के बाद इसे प्रदेश के अन्य एक्सप्रेसवे में भी लगाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने ईटीएच ज्यूरिख विश्वविद्यालय व आरटीडीटी लेबोरेटरीज एजी के साथ दो अलग-अलग एमओयू किए हैं। औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इससे गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इस तकनीक को अन्य एक्सप्रेसवे में भी लागू किया जाएगा। इससे लाखों यात्रियों को फायदा होगा।

**खास बातें**

- लाखों यात्रिओं को लाभ मिलेगा
- गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता और बेहतर होगी
- यह प्रयोग सफल होने के बाद अन्य एक्सप्रेसवे में लगाया जाएगा

### कुंभ मेले से पहले पूरा किया जाएगा

गौरतलब है कि योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। साल 2025 में होने वाले कुंभ मेले से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 12 जिलों से होकर गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए मेरठ से प्रयागराज की दूरी महज 8 घंटे में पूरी हो सकेगी। इससे समय और ईंधन की बड़ी बचत होगी।



### ईटीएच ज्यूरिख यूपीडा को सहयोग करेगा

इस तकनीक को समझने के लिए पिछले वर्ष मनोज कुमार सिंह स्विट्जरलैंड गए थे। उन्होंने बाद में मुख्यमंत्री के समक्ष इस तकनीक का प्रस्तुतीकरण भी किया था। इसके बाद में यूपीडा के अधिकारी जर्मनी व स्विट्जरलैंड गए, जहां के राष्ट्रीय राजमार्गों के संचालन व ट्रैफिक व्यवस्था का अध्ययन किया था। उन्होंने बताया कि विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक ईटीएच ज्यूरिख एक्सप्रेसवेज की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में यूपीडा को सहयोग करेगा। इसके निर्माण के बाद इससे गुजरने वाले जिलों का परिदृश्य बदल जाएगा। वर्ष 2027-2028 तक उत्तर प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह एक्सप्रेसवे बड़ा योगदान देगा।

## भीषण गर्मी के पूर्वानुमार को लेकर योगी सरकार ने दिए निर्देश

# जनहानि व पशुहानि न हो इसके लिए समुचित प्रबंध करें, अस्पतालों में कोल्ड रूम की उपलब्धता रखें

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी के मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को रोकने के लिए सभी प्रबंध करें। पानी की किल्लत नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें।


एजेंसी ▶▶ लखनऊ।

यूपी में अगले चार दिनों तक भीषण गर्मी और लू का पूर्वानुमान है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने सर्तकता और सजगता बरतने का आदेश दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए निर्देशों पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि जनहानि व पशुहानि न हो इसके लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सभी अस्पताल चौकस रहें। सभी अस्पतालों में ओआरएस, दवाई व कोल्ड रूम की उपलब्धता रहे। मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह निर्देश दिए।

मिश्र ने कहा कि भीषण गर्मी और लू के दौरान जनहानि व पशुहानि न हो इसके लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। शहर के साथ-साथ से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता रहे। कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की जाए। जहां आवश्यक हो टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करा

**खास बातें**

- सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करें
- फायर सेफ्टी ऑडिट करवाएं
- गर्मी के साथ ही बाढ़ प्रबंधन पर भी काम करें



### अग्नि सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध करें

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अस्पताल चौकस रहें। सभी अस्पतालों में ओआरएस, दवाई व कोल्ड रूम की उपलब्धता रहे। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान अग्नि सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। सभी सार्वजनिक स्थलों अस्पताल, होटल आदि में अग्नि सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध हो। सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर अवशेष कार्यों को पूरा करा लिया जाए।

### तटबंधों का निरीक्षण करवाएं

उन्होंने कहा कि गर्मी के उपरांत बारिश का मौसम शुरू हो जायेगा। गत वर्षों में हुई क्षति का आंकलन करते हुये बाढ़ के लिए बेहतर कार्ययोजना बनायी जाए, जिससे बाढ़ का प्रकोप न्यूनतम रहे। सभी तटबंधों का निरीक्षण करा लिया जाए, जहां मरम्मत की आवश्यकता हो, करा दी जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम से पूर्व नाला व नालियों की सफाई सुनिश्चित करा ली जाए और नालियों से निकलने वाले कचरे को वहां से हटवा दिया जाए।

### राजस्व के लंबित मामलों का निस्तारण करें

राजस्व विभाग के समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि 3 से 5 वर्ष के लंबित मामलों को तत्परता से निस्तारित कराया जाए। राजस्व वादों के निस्तारण में रुचि न लेने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरुप्रसाद, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एनसीपीआर का बड़ा खुलासा

# पढ़ाई की आड़ में बिहार के बच्चों की हो रही तस्करी, देशभर में अलर्ट

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीआर) ने धार्मिक शिक्षा के नाम पर



बिहार से कम उम्र के बच्चों की उत्तर प्रदेश में तस्करी का अंदेशा जताया है। अयोध्या में 26 अप्रैल को बरामद किए गए पूर्णिया और अररिया के 95 बच्चों के मामले का हवाला देते हुए आयोग ने सभी राज्यो को ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। बरामद बच्चों को सहारनपुर के एक गैर निबंधित मदरसे ले जाया जा रहा था। आयोग ने इस संबंध में देश भर में अलर्ट जारी करते हुए धार्मिक शिक्षण संस्थानों की निगरानी के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) भी दी है।

### ईंट ढुलवाई, शौचालय साफ करवाया

बाल कल्याण समिति, अयोध्या के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि 26 अप्रैल को अयोध्या में बच्चों को बरामद किया गया। बस में दो मौलवी थे, जो इन्हें सहारनपुर के मदरसे में पढ़ाई के लिए ले जाने की बात कर रहे थे। मौलवियों के पास न तो मदरसे का कोई अधिकार पत्र था और न ही बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र। बच्चों ने टीम को बताया कि मदरसे में उनसे ईंट ढुलवाई जाती है और शौचालय साफ कराया जाता है। भोजन के नाम पर एक-दो रोटी दी जाती है।

### पढ़ाने के लिए पैसे नहीं

महलगांव अररिया के एक बच्चे के पिता मो. तनवीर ने बताया कि गांव में आए मौलवी ने कहा था कि बच्चों को धार्मिक तालीम दिलाओ। वह कई बच्चों को ले गए। पूर्णिया के रांटा गांव निवासी मो. इशाक ने बताया कि बच्चे को पढ़ाने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। सिर्फ खाना का खर्चा देने की बात कह मौलवी उनके बच्चे को ले गए। बाद में पता चला कि वहां बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। बाल संरक्षण इकाई अररिया के सहायक निदेशक शंभू रजक ने बताया कि इस मामले पर अयोध्या से बरामद बच्चों के मामले में आयोग से सोशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट (एसआईआर) देने का निर्देश मिला था। रिपोर्ट अब अंतिम चरण में हैं। इन बच्चों के आगे की पढ़ाई आदि सुविधाओं की व्यवस्था इस रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## पेज एक का शेष

### कुवैत की आग में मारे गए...

नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं, प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास इस पूरी स्थिति पर बेहद बारीकी के साथ नजर रख रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उधर, विभिन्न संचार माध्यमों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस घटना में मारे गए और घायल हुए ज्यादातर मजदूर केरल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखित रूप में इस मामले में केंद्र की ओर से दखल देने की मांग की है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है और अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं।

**गिराई जाएगी इमारतः कुवैतः** कुवैत के मंगाफ शहर की एक इमारत की रसोई में 12 जून की सुबह करीब छह बजे आग लगने की यह घटना हुई थी। करीब साढ़े आठ बजे इसकी स्थानीय कुवैती अधिकारियों को जानकारी दी गई। इमारत में कई मजदूर रहते थे। इनमें से कुछ को बचा लिया गया। लेकिन कुछ की मौत धुएं के कारण दम घुटने की वजह से हो गई। कुवैत के आंतरिक मंत्रालय के मेजर जनरल रशीद ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर अग्निशमन दल और फॉरेंसिक टीमों को रवाना कर दिया गया था। घटना पर कुवैत के उप प्रधानमंत्री फहद युसूफ अल सबा ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रॉपर्टी मालिकों के लालच की वजह से ऐसी घटनाएं होती हैं। मैं नगरपालिकाओं के निदेशक को बुलाऊंगा और ये देखने की कोशिश करूंगा कि किस प्रापर्टी मालिक ने नियमों का उल्लंघन कर ये इमारत खड़ी की है। नियम तोड़ने की पुष्टि होने के साथ ही सुबह तक इमारत को गिरा दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने की ...

की घोषणा की गई है। इस धनराशि को पीड़ित परिवारों तक प्रधानमंत्री राहत कोष से दिया जाएगा। सरकार इस मामले में हर संभव मदद पहुंचाने को तैयार है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम आवास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। उनके अलावा इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रधानमंत्री ने इस घटना को लेकर बेहद दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। साथ ही हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### प्रधानमंत्री की यात्रा...

आउटरीच देश के रूप में प्रधानमंत्री मोदी इटली के अपूलिया में मौजूद लग्जरी रिजॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 13 जून से इटली की यात्रा की शुरुआत करेंगे। इसके अगले दिन 14 जून को पीएम जी-7 के आउटरीच सम्मेलन में भाग लेंगे। इसमें वह कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर से जुड़े हुए विषयों पर अपना पक्ष रखेंगे। विदेश सचिव प्रधानमंत्री की इटली की यात्रा के बारे में ही पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

**रूसी युद्धक्षेत्र से हो भारतीयों की वापसीः** रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना में तैनात दो भारतीय नागरिकों की हालिया मौत के मामले को लेकर विदेश सचिव ने कहा कि भारत सरकार ने इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लिया है। हम इस विषय पर पहले दिन से ही लगातार रूसी अधिकारियों, व्यवस्था, नेतृत्व और अन्य पक्षों से चर्चा कर रहे हैं। ये हमारे भारतीयों को सुरक्षित रखने के व्यापक प्रयासों का एक भाग है। इसमें हमने रूसी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा है कि जो भी भारतीय युद्धक्षेत्र में आए हैं, उनकी वापसी की जाए। जहां-जहां हमें भारतीयों की भर्ती को लेकर जानकारी मिली है। घरेलू एजेंसियों के साथ मिलकर इस प्रकार की अवैध भर्ती को रोकने के भी प्रयास किए गए हैं। जब-जब ये जानकारी हमारे संज्ञान में लाई गई है। तब-तब उस मामले पर तुरंत कार्रवाई की गई है, संबंधित व्यक्ति के परिवार से भी संपर्क किया गया है। हमारे यह प्रयास आगे भी सशक्त रूप से चलते रहेंगे।

### प्रतिमा के इर्दगिर्द...

था। इस वर्ष जी-7 की अध्यक्षता इटली कर रहा है और ये समूह का 50वां शिखर सम्मेलन है। गौरतलब है कि पिछले साल कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में मौजूद एक विश्वविद्यालय कैंपस में भी खालिस्तानी अलगावादियों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़े जाने की ऐसी ही एक घटना सामने आई थी। इसके अलावा समय-समय पर दुनिया के अन्य देशों में भी अलगाववादियों द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा है। जिसका भारत ने बेहद कड़े रूप में अपना विरोध दर्ज कराया है।

### भारत, वैश्विक ..

गई हैं। इसमें रूस-यूक्रेन और गाजा में जारी संघर्ष और उसका दुनिया पर पड़ने वाला प्रभाव, विकासशील और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं से संबंध (केंद्र में रहेगा अफ्रीका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र), जलवायु-ऊर्जा से जुड़ा हुआ विस्थापन, खाद्य सुरक्षा और कृत्रिम मेधा शामिल हैं।

### लोकसभा का...

होगा। 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ओर से संसद में अपने मंत्रिपरिषद का परिचय कराए जाने की उम्मीद है।

### 24 साल बाद ओडिशा...

समारोह में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी भी भुवनेश्वर पहुंचे। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव, हरियाणा के सीएम नायब सैनी, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा भी भुवनेश्वर पहुंचे। बता दें ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा बहुमत का जादूई आंकड़ा हासिल करते हुए नवीन पटनायक के बीजू जनता दल को सत्ता से बेदखल किया है। पटनायक साल 2000 से लगातार 2024 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। वो इस पद पर 24 साल और 98 दिन तक रहे।

### चिरंजीवी और पवन...

हाथ पकड़कर अपने साथ ले जाते हैं। फिर उनके बड़े भाई और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी के पास जाते हैं। इसके बाद मोदी मंच से चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर लोगों का अभिवादन करते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों भाईयों का गले लगाया और उन्हें बधाई दी। यह वीडियो सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

### न्यायालय ने दिल्ली सरकार...

कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है या प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वकील शादान फरासत ने अदालत की चिंता को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए कार्रवाई की गई है, जिसमें उन स्थानों पर आपूर्ति बंद करना भी शामिल है जहां इसकी तत्काल आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक पुलिस का सवाल है, हमें खुशी होगी कि पुलिस इस मामले (जल माफिया पर लगाम लगाने के लिए) में कार्रवाई करे। दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने यूवाईआरबी द्वारा 2018 में पारित एक आदेश का हवाला दिया, जिसके तहत दिल्ली को 1013 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि हालांकि, 1013 क्यूसेक पानी के मुकाबले, वास्तविक प्राप्त पानी 800-900 क्यूसेक के बीच है। यूवाईआरबी ने एक हलफनामे में अदालत को बताया था कि हिमाचल प्रदेश को यह साबित करना होगा कि वह दिल्ली के लिए वादे के मुताबिक 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ रहा है। हरियाणा सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने दावा किया कि गलत बयान दिए जा रहे हैं। यमुना जल बोर्ड विशेषज्ञ निकाय है जो जल वितरण के मुद्दे पर निर्णय लेता है और अब वह इसे फिर से खोलने की कोशिश कर रहा है। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा है जिसमें पानी की बर्बादी को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी जाये। हलफनामा गुरुवार को होने वाली अगली सुनवाई से पहले आज या कल दाखिल किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी को दिए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ दे, ताकि जल संकट को दूर किया जा सके।

## बिहार में भीषण गर्मी पर सीएम नीतीश ने जताई चिंता

# आपदा जैसे हालात, अब तक 70 से अधिक लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके चलते राज्य में अब तक 70 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम नीतीश कुमार ने राज्य में गर्मी और हीट वेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने पूरे प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और अस्पतालों को अलर्ट रखने को कहा है। साथ ही अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

सीएम नीतीश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखने को कहा है। साथ ही भूजल स्तर पर भी नजर रखने को कहा है। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखें

सीएम नीतीश ने कहा है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं तथा जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। गांव हो या शहर सभी जगहों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करें ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरूक करते रहें और संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें। नीतीश ने कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं। भूजल स्तर पर भी नजर रखें और अपने-अपने जिलों की स्थिति का आकलन करें।

## अभेद्य होगी अयोध्या की सुरक्षा

# तैनात किए जाएंगे ब्लैक कैट कमांडो एनएसजी यूनिट की होगी स्थापना

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के बाद जिले की सुरक्षा व्यवस्था को अब और चुस्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार अब यहां एनएसजी कमांडो यूनिट बनाने की तैयारी में है जिसके लिए भूमि खोजी जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से निर्णय पर मुहर लगने के बाद एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो यहां तैनात होंगे।

जिले में अब तक केंद्रीय सुरक्षा की दो व राज्य सरकार की चार सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। किसी भी वीवीआईपी दौरे पर एनएसजी कमांडो दिल्ली से बुलाए जाते हैं। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले में अक्सर वीवीआईपी दौरा होता रहता



है साथ ही हर समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है।

समय-समय पर अयोध्या आतंकियों के निशाने पर भी रही है, जिसे देखते हुए अब यहां की सुरक्षा को और चुस्त किया जा रहा है। इसके लिए भविष्य में एनएसजी कमांडो की यूनिट यहां स्थापित करने की तैयारी है।

सूत्रों के अनुसार एनएसजी की टीम ने जिला प्रशासन से संपर्क करके भूमि चिन्हित करके उपलब्ध कराने के लिए कहा है। जिस पर तेजी से काम हो रहा है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में एनएसजी यूनिट खुलने की सूचना तो है, लेकिन पूरी जानकारी उन्हें नहीं है।

फिटनेस फंडा / यश पंडित

## मेरी हेल्थ-फिटनेस का सीक्रेट न्यूट्रिशस डाइट-वॉकिंग-अच्छी नींद



कई फिल्मों और हिट टीवी शोज में नजर आ चुके, यश पंडित हाल में ही सोनी सब टीवी के शो 'आंगन अपनों का' में राकेश की भूमिका में दिखे थे। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं यश पंडित।

हम सभी को अपनी हेल्थ का बहुत ख्याल रखना चाहिए। कहते भी हैं-हेल्थ इज़ वेल्थ। मैं अपने फैंस से यही कहूंगा कि हेल्थ-फिटनेस को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### मेरा फिटनेस सीक्रेट

न्यूट्रिशस डाइट, तेज गति से वॉक, खूब पानी पीना और अच्छी नींद लेना। ये चार मेरे फिटनेस सीक्रेट्स हैं। इन चारों को मैं अपनी दिनचर्या में शामिल करता हूं। आप भी इन्हें शामिल करें फिर देखें आपकी हेल्थ कितनी बढ़िया हो जाएगी।

### हल्की एक्सरसाइज़

कोरोना के बाद चूंकि अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पर नेगेटिव असर पड़ा है इसलिए अब वह स्थिति नहीं रही, जब आप तीन-चार घंटे लगातार जिम में जाकर बहुत टफ वर्कआउट करें। आज के समय में हल्का वर्कआउट ही बेहतर है। अब आप शरीर को जरूरत से ज्यादा थकाते हैं तो वह झेल नहीं पाता है। ऐसी खबरें हम अकसर पढ़ते हैं या अपने आस-पास देखते हैं कि कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए गिर गया तो कोई डांस करते हुए। इसलिए शारीरिक क्षमता के अनुसार हल्की एक्सरसाइज ही करना सही है।

### डाइट का रखें ख्याल

हल्की एक्सरसाइज के साथ-साथ अपनी डाइट का पूरा ख्याल हमें रखना चाहिए। न्यूट्रिशस डाइट लें। मैं भी रेग्युलर डाइट में प्रोटीन के अलावा सब्जियों, दालों, फलों को जरूर शामिल करता हूं। ध्यान रहे आपको डेली हैवी ब्रेकफास्ट, न्यूट्रिशस लंच और डिनर लेना है। डाइट का बैलेंस होना जरूरी है।

### डिनर लेने में ना करें देरी

आजकल बहुत सारे लोग लेट नाइट डिनर करते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि हेल्थ कॉन्शस लोग शाम सात बजे तक अपना डिनर ले लेते हैं। यह बहुत अच्छी आदत है। इससे खाने को पचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और सुबह आप बहुत अच्छा फील करते हैं। जहां तक संभव होता है मैं भी डिनर जल्द ही कर लेता हूं। हालांकि जब शूटिंग चल रही होती है तब हम लोगों के लिए समय से लंच, डिनर करना और बैलेंस डाइट ले पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन जितना बेस्ट मैं कर सकता हूं, उस स्थिति में करने की कोशिश करता हूं। एक अच्छी बैलेंस डाइट लेने की पूरी कोशिश करता हूं।

### हमेशा खुश रहता हूं

मैं हमेशा खुश रहता हूं। मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए जिंदगी में यह भी बहुत जरूरी है कि आप हर स्थिति में खुश रहें, मस्त रहें और अपने काम में व्यस्त रहें।

### अच्छी नींद जरूरी

फिट रहने के लिए खूब काम करना और उसके बाद रात को अच्छी गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। अच्छी नींद, अच्छी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होती है। इसलिए कितने ही व्यस्त रहें लेकिन नींद से समझौता न करें।

### पानी खूब पीता हूं

मैं खूब पानी पीता हूं। आपसे भी कहूंगा दिन भर में जितना हो सके पानी पीजिए। नारियल पानी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ, दूध, फ्रूट जूस को भी शामिल करें। यानी, खूब लिक्विड अपनी बॉडी को दें।

### वॉकिंग है जरूरी

रोज कुछ समय वॉक पर जाएं। कोशिश करें कि जितना पैदल चल सकें चलें। सुबह की सैर या ईवनिंग वॉक जो कर सकते हैं करें। पैदल चलना बहुत अच्छा व्यायाम है, इसे अपनी रुटीन में शामिल करें। अगर हर इंसान 24 घंटे में से आधा घंटा भी तेज पैदल चले तो वह फिट रह सकता है। *

**प्रस्तुतिःरेणु खंतवाल**


किसी रोग से ग्रस्त होने के बावजूद, अगर आप अच्छा-पॉजिटिव सोचेंगे तो न केवल अच्छा महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार होगा। इसके विपरीत नेगेटिव विचारों, चिंता या भय से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे अपना बचाव करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

हेल्थ एडवाइस/ विनीता

## पॉजिटिव सोचें-हेल्दी रहें







आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब भी घर में कोई बीमार होता है, तो परिवार के बुजुर्ग सदस्य यही कहते हैं, कोई बात नहीं चिंता न करो, दवा समय पर लेते रहो, आराम करो, जल्द ही ठीक हो जाओगे। ऐसी बातें केवल बीमार को झूठा दिलासा देने या उसका मन बहलाने के लिए नहीं कही जातीं, बल्कि इसके पीछे यह मनोवैज्ञानिक तथ्य छिपा होता है कि अच्छा और पॉजिटिव सोचने पर सब कुछ अच्छा ही होता है। दरअसल, ब्रेन ही हमारी सभी शारीरिक-मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, इसलिए जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमें अच्छा महसूस भी होता है। फिर हमारी सारी गतिविधियां भी पॉजिटिव दिशा की ओर अपने आप बढ़ने लगती हैं।

### शोध से हो चुका प्रमाणित

वर्षों पहले वैज्ञानिक अध्ययन से भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है कि पॉजिटिव सोचने वाले अधिक हेल्दी रहते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर पी. कैनेडी ने 1961 में सबसे पहले नोसेबो इफेक्ट शब्द का प्रयोग किया था। इस टर्म की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'नोसेरे' से हुई थी, जिसका अर्थ होता है-नुकसान पहुंचाना। उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति के मनोदशा पर उसके सकारात्मक विचारों का क्या असर होता है, यह जानने के लिए वैज्ञानिकों ने जब उन पर अध्ययन किया तो उन्हें पता चला कि अच्छे परिणाम के बारे में सोचकर दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की हेल्थ में तेजी से सुधार होता है। इस प्रभाव का नाम प्लेसिबो इफेक्ट दिया गया, जिसका अर्थ होता है, मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। इसी अध्ययन के अपोजिट इफेक्ट को समझने के दौरान नोसेबो इफेक्ट का प्रभाव सामने आया। इन दोनों ही तरह के अध्ययनों में कई रोचक परिणाम सामने आए। जैसे मामूली सिरदर्द होने पर वैज्ञानिकों ने लोगों को दर्द निवारक रहित टॉफी जैसी कोई सादी गोली दी, जिसे लेने के बाद लोगों ने कहा कि उन्हें आराम महसूस हो रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कोई दवा दी ही नहीं गई थी। इसी तरह कोविड काल के दौरान प्रयोग के तौर पर कुछ लोगों को यह बताकर विटामिन के कुछ ऐसे हल्के इंजेक्शन दिए गए कि उन्हें कोविड से बचाव का वैक्सीन लगाया जा रहा है। चूंकि लोगों को पहले से इसके साइड इफेक्ट के बारे में मालूम था, इसलिए उन्हें सिरदर्द, नॉजिया और बुखार का भ्रम होने लगा। जबकि वास्तव में उन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगाया गया था। टीके के असर के बारे में नकारात्मक बातें सोचने के कारण लोगों को ऐसी तकलीफ महसूस हो रही थी।



### नेगेटिव सोच का इफेक्ट

जो लोग अपनी हेल्थ के प्रति जरूरत से ज्यादा सचेत होते हैं, उनमें भी नोसेबो इफेक्ट के लक्षण नजर आते हैं। अब तक किए गए अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति लगातार यही सोचे कि मुझे दर्द हो रहा है, मुझे अमुक बीमारी है तो कुछ समय के बाद वाकई उसे दर्द होने लगता है। हालांकि वास्तव में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक कारणों से उसके शरीर में बीमारियों जैसे लक्षण भी प्रकट होने लगते हैं।

### इंटरनेट नॉलेज भी है वजह

आजकल किसी भी स्वास्थ्य समस्या का नाम सुनते ही लोग सबसे पहले इंटरनेट पर उसके बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। उसके लक्षणों से अपना मिलान करने लगते हैं। सच्चाई यह है कि इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पूरी तरह सही नहीं होती है। कई बार किसी स्वास्थ्य समस्या का विवरण कुछ इस तरह दिया जाता है कि उस जानकारी से लोग भयभीत हो जाते हैं और बीमार न होने पर भी खुद को गंभीर रोग का मरीज समझने लगते हैं।

### गैजेट्स के ओवरयूज से बचें

खुद को बीमार मानने की सोच से उबरने के लिए 24 घंटे स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट्स से दूर रहना भी जरूरी है। अनेक हेल्थ एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोग हमेशा इसी चिंता से त्रस्त रहते हैं कि आज दस हजार कदम चलने का मेरा टारगेट पूरा नहीं हुआ, कल रात मैं आठ घंटे की नींद नहीं ले पाया, मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है, नाड़ी तेज गति से चल रही है। इस तरह से कई बार गैजेट्स और हेल्थ एप्स भी लोगों को हेल्थ एंग्जायटी का मरीज बना देते हैं, इनकी वजह से स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को थका हुआ और बीमार महसूस करने लगता है। बीमार होने की सोच वाली समस्या से बचाव के लिए गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें और इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पर भरोसा ना करें। अपनी हेल्थ के बारे में हमेशा अच्छा और पॉजिटिव सोचें तो हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे।



### ऐसे करें बचाव

बीमार होने की नेगेटिव सोच से बचने के लिए थॉट रिप्लेसमेंट का तरीका अपनाएं। जब भी आपके मन में सेहत के प्रति कोई नकारात्मक विचार आए तो सचेत तरीके से उसी वक्त उन बातों से अपना ध्यान हटाकर अच्छी बातें सोचना शुरू कर दें कि मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। मैं लगातार ठीक हो रहा हूं। तार्किक ढंग से सोचें और अपने जीवन की वास्तविकता को पहचानें। जब हेल्थ को लेकर मन में कोई डर या चिंता महसूस हो तो इस बात पर विचार करें कि हर बीमारी उपचार संभव है तो फिर परेशान नहीं होना चाहिए। इसके अलावा नकारात्मक बातों से ध्यान हटाने के लिए मनपसंद संगीत सुनें, प्रेरक किताबें पढ़ें या अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें। ध्यान और योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करें। *

**(मनोवैज्ञानिक सलाहकार विचित्रा दर्गन आनंद से बातचीत पर आधारित)**

आहार/ राजकुमार 'दिनकर'

## गर्मी में पाचन सही रखे छाछ



सदियों से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों के खान-पान का सबसे अहम हिस्सा दूध, दही और छाछ रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में मई-जून के महीने में, जिस तरह की आग बरसाती गरमी पड़ने लगी है, उससे दही और छाछ की खपत शहरों में भी काफी बढ़ जाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि छाछ इन तपते दिनों में दिल से लेकर दिमाग तक को तृप्त कर देता है।

**बढ़ी है डिमांड-सप्लाईः** इस वर्ष भी अप्रैल के बाद से ही पूरे देश में बहुत तेजी से छाछ या मट्ठा की मांग बढ़ गई है। इसका कारण है तेज गरमी। छाछ के स्वाद और स्वास्थ्य को इससे होने वाले लाभ के कारण आज अनेक दुग्ध-उत्पादक कंपनियां पैकेटबंद अलग-अलग स्वाद की छाछ बाजार में बेच रही हैं। इन्हें खरीदकर पीने वाले ग्राहकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दरअसल, दही से बनने वाली छाछ में कई स्वास्थ्यवर्धक गुण मौजूद होते हैं।

**कई तरह से लाभकारीः** छाछ में मौजूद जीवाणु, आंतों में क्रियाशील हानिकारक कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में तो यह एक औषधि जैसा काम करता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गर्मी के दौरान दोपहर के भोजन के अंत में छाछ पीना, स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

**पाचन करे सहीः** दूध और दही दोनों की अपेक्षा छाछ हल्का और सुपाच्य होता है। गर्मी के मौसम में अगर इसे रोज पिया जाए तो यह शरीर में आलस्य पैदा नहीं करता और इससे पेट में भारीपन भी महसूस नहीं होता है। कमजोर पाचनशक्ति वालों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह भोजन को जल्दी पचाने में भी सहायक होता है। इससे कब्ज और दस्त दोनो ही समस्याएं सही हो जाती हैं।

**कई रोगों से बचाएः** हृदय रोगियों के लिए छाछ विशेषतौर पर लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें दूध की तुलना में चिकनाई कम होती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दमा, गठिया आदि बीमारियां मट्ठे के सेवन से पास नहीं फटकती हैं।

**रखें ध्यानः** छाछ का सेवन जहां तक हो सके, सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के भोजन में ही करना चाहिए। छाछ हमेशा ताजा ही पीना चाहिए। इसे मिट्टी या कांच के बर्तन में पीना अधिक फायदेमंद होता है।

- बुखार आने पर, सर्दी के मौसम में या जुकाम होने की वजह से अगर कफ बन रहा हो तो इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में भी इसे नहीं पीना चाहिए या बहुत कम मात्रा में पीना चाहिए।
- बहुत ज्यादा खट्टा छाछ पीना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। *

हर्बल जोन

रेखा देशराज

भृंगराज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका कई तरह की शारीरिक समस्याओं में उपयोग किया जा सकता है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने और बालों को हेल्दी रखने के साथ ही गर्मी में यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। इसके गुणों के बारे में जानिए।

## कई समस्याओं में कारगर भृंगराज





भृंगराज का पौधा, इंसान को ज्ञात सबसे पुरानी और उपयोगी जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसके अनेक उपयोग दर्ज हैं। सबसे ज्यादा तो यह जड़-बूटी ठंडे भृंगराज तेल के लिए जानी जाती है,जो सिरदर्द भगाने में रामबाण की तरह होता है। भृंगराज उन गिनी-चुनी हर्बल में से भी एक है, जिसका हर हिस्सा औषधीय दृष्टि से उपयोगी होता है। इसके इस्तेमाल से लिवर और आंतों के स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार होता है।

**कई नामों से लोकप्रियः** भृंगराज को वनस्पतिशास्त्र में एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं। इसके अन्य नामों में भांगड़ा, थिसल्स, माका, अंगारक, बंगरा, केसुती, बाबरी आदि हैं। इसे अलग अलग क्षेत्रों की बोली भाषाओं में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है। इसमें तीखी गंध होती है और ये उस जगह बारिश के दिनों में अपने आप उग आता है, जहां नमी होती है।

**गर्मी में विशेष लाभकारीः**भृंगराज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए अगर गर्मी के मौसम में पेट संबंधी कोई भी समस्या मसलन अपच, गैस बनना और कब्ज से पीड़ित हों तो बहुत आसानी से इसके इस्तेमाल से इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर गर्मियों में भृंगराज का तीन महीने तक शर्बत पीया जाए, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

**बालों के लिए वरदानः** भृंगराज पौधे की पत्तियों में विशेष गुण होते हैं। जिन लोगों के सिर के बाल झड़ रहे हों, वो लोग अगर भृंगराज के पौधे की हरी पत्तियों को पीसकर अपने सिर में लगा लें तो बाल झड़ने तुरंत बंद हो जाते हैं। झड़ते बालों को रोकने ही नहीं बल्कि उन्हें काला करने के बारे में भी इसको ख्याति हासिल है।

**होते हैं कई गुणः** भृंगराज में अनेक प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जैसे- फ्लेवोनॉयड और एल्कलॉइड। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं और विभिन्न प्रकार के हानिकारक चीजों से लिवर की रक्षा करते हैं। लिवर की रक्षा के लिए भृंगराज बहुत उपयोगी माना जाता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो लिवर को हैपेटाइटिस सी जैसे वायरल संक्रमण से बचाता है। भृंगराज शरीर में होने वाली सूजन को असरदार ढंग से रोकता है और इसके अंदर जो पोषक तत्व होते हैं, उन्हीं से बालों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई में इजाफा होता है। त्वचा के कटने, छीलने या घाव आदि हो जाने पर भी यह असरदार तरीके से काम करता है। यह कफ और वात विकार को भी कम करता है। लिवर के साथ किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। फैटी लिवर और पीलिया जैसी समस्याओं में यह बेहद असरकारी होता है। त्वचा के संक्रमण से भी यह बचाता है।

**एक्सपर्ट की राय से करें यूजः** इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर और उसमें तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर बाजार से मिलने वाले भृंगराज हर्बल के विभिन्न प्रोडक्ट्स जैसे कैप्सूल आदि का सेवन किया जा सकता है। भृंगराज का उपयोग हमेशा किसी आयुर्वेद एक्सपर्ट की सलाह और देख-रेख में ही करना चाहिए, वरना नुकसान भी हो सकता है। *

डिजीज

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन ट्यूमर की समस्या किसी भी उम्र में और किसी को भी हो सकती है। ऐसे में इससे बचाव का एक ही तरीका है कि समय रहते इसे डायग्नोज कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए। इसके लिए लोगों में अवेयरनेस होना जरूरी है।

## ब्रेन ट्यूमर सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है





विशेषज्ञों के मुताबिक़ ब्रेन ट्यूमर के चार स्टेज होते हैं और अगर तीसरे स्टेज के शुरुआत में भी इसका पता चल जाए तो बीमार व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इस बात से यह महत्वपूर्ण तथ्य निकलता है कि अगर हम समय रहते ब्रेन ट्यूमर की पहचान कर लें, तो इस घातक बीमारी से हर हाल में बचा जा सकता है।

**किसी को भी हो सकता हैः** हर साल दुनिया में ब्रेन ट्यूमर के 300000 से ज्यादा मामले सामने आते हैं। यह समझना भी जरूरी है कि कोई भी इसकी गिरफ्त में आ सकता है। एक जमाने में माना जाता था कि 20 साल की उम्र तक के लोगों को ब्रेन ट्यूमर की समस्या नहीं होती, लेकिन बदले खान-पान, प्रदूषण में हुए भारी इजाफे और अन्य कारणों के चलते आज 21 से 85 साल की उम्र समूह के किसी भी शख्स को इसकी समस्या हो सकती है। 40 साल से ज्यादा की उम्र वालों में इसकी आशंका इससे कम उम्र के लोगों के मुकाबले 20-21 फीसदी बढ़ जाती है।

**क्या है ब्रेन ट्यूमरः** वास्तव में जब मस्तिष्क में या इसके आस-पास की कोशिकाओं के डीएनए में खामी आ जाती है या वो बदल जाते हैं तो ये ब्रेन कैंसर के खतरे को जन्म देते हैं। दरअसल, डीएनए परिवर्तन के चलते जब ट्यूमर कुछ खास रसायनों के संपर्क में आता है तो इनका प्रभाव बहुत घातक हो जाता है। सवाल है, आखिर किसी को ब्रेन ट्यूमर किन वजहों से होता है और किन वजहों से इसमें लगातार तेजी आती जा रही है? सच्चाई यही है कि ब्रेन ट्यूमर की एक बड़ी वजह धरती में नियमित रूप से प्रदूषण का बढ़ना है। दरअसल निकिल, कैडमियम, विनाइल क्लोराइड, रेडान, बेंजीन ऐसे रसायन हैं कि अगर इन रसायनों के लगातार संपर्क में रहा जाए तो ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है। धूम्रपान भी इसकी दूसरी एक बड़ी वजह है। सिर में चोट लगने पर अगर सही से उसका इलाज न करवाया जाए तो एक स्थिति के बाद यह चोट भी मस्तिष्क ट्यूमर की वजह भी बन सकती है। लगातार तनाव में रहना, नींद न आना, बार बार चोट लगना इससे भी ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है।

**पहचानें शुरुआती लक्षणः** ब्रेन ट्यूमर को समय रहते पकड़ना मुश्किल नहीं है बशर्ते हम सजग हों। जब सुबह के समय सिर में तेज दर्द हो और इसी दर्द की वजह से कई बार रात को जागना भी पड़े तो यह सामान्य सिरदर्द नहीं। ऐसे में तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए कि कहीं यह ब्रेन ट्यूमर की निशानी तो नहीं। रात में और सुबह तेज सिरदर्द के अलावा ब्रेन ट्यूमर के जो अन्य महत्वपूर्ण लक्षण हैं उनमें-बोलने और सोचने में कठिनाई का महसूस होना, आंखों में धुंधला दिखना, अचानक सुनने की क्षमता में कमी हो जाना, चेहरे का सुन्न हो जाना, थूक को निगलने में कठिनाई होना, किसी चीज में मन न लगना, विभिन्न तरह की गंधों का पता न लगना यानी उनका एहसास न होना। ये सब ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं।

**संभव है ट्रीटमेंटः** ब्रेन ट्यूमर लाइलाइज नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इस बीमारी को पकड़ने में आप चूक गए तो यह लाइलाज हो सकता है। इसलिए सबसे जरूरी यही है कि आप इसे लेकर सजग रहें। अगर आप के माता-पिता ब्रेन ट्यूमर के सर्वाइवर रहे हैं तो आपको और भी ज्यादा सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपके इसकी चपेट में आने की आशंका और ज्यादा है। *

### आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035

या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

# पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा कल से होगी शुरू, मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे फ्लैग ऑफ

- कम कीमत में प्रदेश में आवागमन की त्वरित हवाई सेवा
- एयर टैक्सी के लिए बुकिंग काउंटर तैयार, रूट एवं दरें भी निर्धारित
- 'फ्लाईओला' वेबसाइट www.flyola.in हुई लॉन्च, बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के रमणीय पर्यटन स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली एवं खजुराहो को 6 सीटर वाले दो एयरक्राफ्ट्स के माध्यम से जोड़ने के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 जून को भोपाल एयरपोर्ट पर पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के विमान को फ्लैग ऑफ कर रवाना करेंगे।



### पहली फ्लाइट भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरौली की

पहली फ्लाइट भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरौली की होगी। 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के स्टैट हैंगर से पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया था। टिकट बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा के लिए फ्लाईओला वेबसाइट डेवलप की गई है, जिसको मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से मंत्रालय में लॉन्च किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर एवं सुगम बनाने और पर्यटन सुविधाओं में विस्तार करने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह पर्यटन क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संस्कृति और कला के प्रचार-प्रसार के लिए भी लाभदायक है। बुकिंग सुविधा की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि वायु सेवा की बुकिंग के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश के 8 शहरों को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, जिसका विस्तार आने वाले समय मे कुछ और शहरों तक किया जाएगा।

### 15 जून को ग्वालियर से भरेगी पहली उड़ान

पर्यटन वायु सेवा को प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की गरिमामयी उपस्थिति में 15 जून को ग्वालियर और फिर 16 जून को उज्जैन से हवाई यात्रा की शुरुआत होगी। इच्छुक पर्यटक **www.flyola.in** पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## खबर संक्षेप



### आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय में गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग

**भोपाल।** वर्ष 2019 से 2024 तक आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में की गई गड़बड़ी को लेकर सीबीआई जांच कराने की मांग उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से की है। एनएचएम संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ज्ञापन सौंपा। संघ प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि ज्ञापन में बताया गया है कि अर्धकुशल श्रमिक दर 12 हजार 796 बजट है, लेकिन विभाग के अधिकारियों एवं आउटसोर्स कंपनियों की कमीशनखोरी की वजह से मात्र 5500 से लेकर 9000 तक दिए जा रहे हैं।

### प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में आएगा निखार, बेहतर होंगी व्यवस्था: सबनानी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुए राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 46491 पदों के सृजन तथा डॉक्टरों के 607 पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।



### सीजीपीएससी मेंस की परीक्षा 24 जून को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा (मेंस) की तारीख में कोई बदलाव नहीं होगा। परीक्षा 24 जून से ही शुरू होगी। यह परीक्षा 27 जून तक चलेगी। इस संबंध में आयोग ने सूचना जारी कर दी है। बता दें कि सीजीपीएससी की होने वाली परीक्षा में इस बार 242 पदों पर भर्ती होगी। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। तारीख में बदलाव का कारण यह था कि मध्य प्रदेश सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और वन सेवा परीक्षा 2024 एक तारीख को आयोजित हो रही है। इसे लेकर कई अभ्यर्थियों ने सीजीपीएससी को आवेदन दिया था कि मेंस की तारीख में बदलाव किया जाये। इस संबंध में पीएससी ने सूचना जारी किया है।

### घर में खेलते समय सांप ने काटा, बच्ची की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम खटोला में घर के अंदर खेल रही बच्ची प्रिंसी धीवर की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। सांप के काटने के बाद प्रिंसी को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी अनुसार, अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम खटोला में मंगलवार की देर शाम रात करीबन 7 बजे प्रिंसी धीवर अपने घर में खेल रही थी। वहीं लाइट भी बंद थी, इसी बीच डोमी नमक जहरीले सांप ने प्रिंसी को काटा लिया। मगर परिजनों को लगा की किसी तार से कटी होगी। इस बीच वह सो गई करीबन आधा घंटा बाद जब उल्टी होने से तबीयत बिगड़ी तब पता चला की बच्ची को सांप ने कटा है।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारियों से की चर्चा

# पानी बचाने और जल स्त्रोत सहेजने के काम में लगे समाजसेवियों को किया जाएगा सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार ने पिछले 6 माह में जनकल्याण के अनेक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश क्षेत्रों में बेहतर कार्य करेगा। हम विकास की नई इबारत लिखेंगे। विकास की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को भी शामिल होकर बेहतर परिणाम लाने में सहयोग करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से सांसद, विधायक, मंत्रीगण, जिलों में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव वीरा राणा और अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस में उपस्थित थे।

#### जानकारी प्राप्त कर पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए: सीएम

जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे समाजसेवी जिन्होंने अभियान में आगे बढ़कर हिस्सेदारी की है, उनके बारे में प्रचार-प्रसार कर सम्मानित किया जाए। जल संरक्षण के लिए ऐसे स्थान का भी चयन करें, जहां पर्यटन विकास हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों का सहयोग प्राप्त किया जाए, जिससे अन्य लोग भी जागरूक हों।

### गंगा दशहरा पर उज्जैन में विशेष आयोजन, चार पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा

**शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की तैयारियां पूरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 15 एवं 16 जून को उज्जैन में मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशहरा के कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्त अखाड़ा एवं रामघाट पर होने वाले कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी के दृष्टिगत सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। शिप्रा घाट पर पूजन और चुनरी अर्पण, सुविधायुक्त मंच के निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए आने-जाने से संबंधित सुविधाओं और विभिन्न पड़ाव स्थलों पर जरूरी प्रबंध के निर्देश भी दिए गए। मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के पूर्व यात्रा मार्ग में विभिन्न घाटों की सफाई एवं आवश्यक सुरक्षा के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

#### गंगा दशमी पर नमामि गंगे सदानीरा

वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि गंगा दशमी पर नमामि गंगे सदानीरा अभियान से जुड़ी गतिविधियां हो रही हैं। पारम्परिक शिप्रा परिक्रमा को अभिनव स्वरूप दिया गया है। शिप्रा तट पर सांगीतिक प्रस्तुति, पारम्परिक कथा गायन परम्परा का निर्वहन भी होगा। प्रदेश की 212 महत्वपूर्ण नदियों के संबंध में विस्तृत जानकारियों का समावेश इन प्रकाशनों में किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गंगा दशमी पर चार पुस्तकों का विमोचन भी करेंगे। नदियों के सांस्कृतिक एवं पारम्परिक तथा लोक साहित्य के अध्ययन, ऐतिहासिक पारम्परिक जल संरचनाओं को सतत प्रवाहमान बनाए रखने के लिए सुझावों का संकलन किया गया है। मैपकास्ट के सहयोग से सैटेलाइट मैपिंग भी की गई है।

### पर्व-त्यौहारों पर मजबूत रहना चाहिए कानून व्यवस्था, कोताही कतई बर्दाश्त नहीं होगी

#### असामाजिक तत्वों पर अंकुश के लिए जारी रहे अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आने वाले माह में विभिन्न पर्व-त्यौहार के संबंध में मजबूत कानून व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित की जाए। सभी त्यौहार सद्भाव के वातावरण में मनाए जाएं। शांति व्यवस्था को आंच पहुंचाने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे तत्वों पर अंकुश बना रहे। गोवंश का सम्मान सुनिश्चित हो, कालाबाजारी और मिलावट करने वाले तत्वों के विरूद्ध अभियान जारी रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिलों के कलेक्टर्स और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। बाढ़ और आपदा की

#### वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

स्थितियों में प्रशासन नागरिकों के सहयोग के लिए तत्पर रहे। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज हो रही शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल से पहले नर्सरियों में पौधे तैयार करने, सीड बॉल्स तैयार करने और अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल पौधों की प्रजातियों का चयन कर लिया जाए। खरीफ की बोवनी के समय खाद, बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने जानकारी दी कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में निरंतर रैक आ रहे हैं। किसानों को समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

#### कॉलेज चले हम अभियान और योग दिवस 21 से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल चले हम अभियान, कॉलेज चले हम अभियान और आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह दोनों अभियान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से शुरू हो जाएंगे। सभी विभाग व अधिकारी इसकी तैयारी अभी से पूरी कर लें। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव वीरा राणा, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

---

### कानून व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित

## कलेक्टर-एसपी ने अधिकारियों को दिए शांति व्यवस्था के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया



कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अप्रिय स्थिति निर्मित न होने, अपराधिक व असामाजिक गतिविधियों पर रोक, धार्मिक वैमनस्यता को रोकने के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करना सुनिश्चित करें जिससे समय पर कार्रवाई की जा सकें।

#### असामाजिक तत्वों पर करें कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर ने धार्मिक स्थलों पर छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान पर अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सूचना के रियल टाइम शेयरिंग के लिए बीट सिस्टम एक्टिव करते हुए बीट स्तर पर जिम्मेदारी तय करने और हर स्तर पर राजस्व और पुलिस अधिकारियों में बेहतर समन्वय जरूरी है।

## जिला अस्पताल निर्माण के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने सर्वे कर अधिकारियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

नवीन जिला एमसीबी में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल चिरमिरी क्षेत्र में जिला अस्पताल निर्माण के लिए जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के साथ नगर पालिक निगम आयुक्त राम प्रसाद अचला और जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चिरमिरी क्षेत्र में जिला अस्पताल निर्माण के लिए जमीन चयन करने के लिए मैदान में दिखाई दिए जहां पर जिला अस्पताल हेतु पूरी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रायशुमारी की। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने कहा कि जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए हर एक स्तर पर कार्य किया जाएगा। आधिकारियों से चर्चा करने के बाद बताया कि जमीन चयनित होने के पश्चात जल्द ही जिला एमसीबी में जिला अस्पताल का निर्माण प्रारंभ हो सके।

### कलेक्टर डॉ. गौरव ने निरीक्षण कर अधिकारी को दिए निर्देश

## ग्रापं तिरवैया में बनेगा खेल मैदान युवाओं को खेल की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर जिले के धरसींवा विकासखंड की ग्राम पंचायत तिरवैया में जल्द ही खेल सुविधाओं का विस्तार होगा। ग्रामीणों, युवाओं-बच्चों को जल्द ही अच्छे खेल-मैदान की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही सघन पौधरोपण भी कराया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने धरसींवा ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत तिरवैया का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम के लिए भी अलग जगह चिन्हांकित करने के निर्देश पंचायत पदाधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहें कामों में अधिक से अधिक काम स्थानीय महिला स्व- सहायता समूहों के सहायता से कराए जाएं ताकि महिला समूहों को रोजगार भी उपलब्ध होंगे। योजनाबद्ध तरीके से काम भी पूरा हो जाए। कलेक्टर ने प्रस्तावित खेल मैदान में तारफेंसिंग करवाकर शीघ्र सघन पौधरोपण अभियान समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत धरसींवा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत किए जा रहे तालाब गहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ: (i) निविदा सूचना संख्या 81/2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)
(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 14.06.2024
उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 14.06.2024 से बदल कर 15.07.2024 कर दी गई है। शेष सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
1770/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### मौसम विभाग की चेतावनी, गरज-चमक के साथ गिर सकती है बिजली

## दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की संभावना, कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ होगी बारिश और गिरेंगे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है। प्रदेश के सुकमा जिले में बीते दिनों मानसून का आगमन हो चुका है, जो कि 48 घंटों में अब प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ेगा। साथ ही प्रदेश में पांच दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश के आसार हैं। इसके अलावा कई इलाकों में ओले गिरने और तेज हवाएं भी चलेगी।

इस दौरान तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। हालांकि मध्य और उत्तर के जिलों में पारा बढ़ने की



संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ाने की परिस्थितियों अनुकूल हैं। इस बीच आने वाले पांच दिनों में एक दो जगह पर प्रदेश के दक्षिण और मध्य भागों में गरज चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है।

#### तीन संभागों में 5 दिन बरसेंगे बादल

राजधानी रायपुर समेत प्रदेश की कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। कई जगहों पर ओले गिरने के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना बताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, बस्तर, रायपुर और दुर्ग संभाग में बारिश के आसार हैं। यह मौसम अगले 5 दिनों तक जारी रहेगा। बीते दिनों मंगलवार को प्रदेश के एक दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है। साथी कोरबा को शामिल 12 जिलों में बारिश के मुख्य आंकड़े भी दर्ज किया गया है। वहीं प्रशासन ने भी लोगों को सतर्क कर अपनी तैयारी कर ली है।

#### प्रदेश में डोंगरगढ़ रहा सबसे गर्म

प्रदेश में सबसे गर्म डोंगरगढ़ जिला रहा है। यहां सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रहा है। उत्तम तापमान नारायणपुर में 22.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रायपुर में 42.6 माना एयरपोर्ट, बिलासपुर में 41.8, अंबिकापुर में 41.7 राजनांदगांव में 41.5 और जगदलपुर में 47.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

गुमशुदा की तलाश



रहीश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नाम:** रहीश अहमद, **पुत्र:** फरीद अहमद, **पता:** मकान नं. सी–8, गली नं. 5, रानी गार्डन, गीता कॉलोनी, दिल्ली, **लिंग:** पुरूष, **उम्र:** 50 साल, **कद:** 5′8″, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** सफेद कुर्ता पायजामा और हवाई चप्पल पहन रखा है जो दिनांक 09.06.2024 से मकान नं. सी–8, गली नं. 5, रानी गार्डन, गीता कॉलोनी, दिल्ली से लापता है। इस बाबत **GD No. 62A दिनांक: 09.06.2024, थाना: गीता कॉलोनी, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरुष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/7305/SHD/2024

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: गीता कॉलोनी, शाहदरा जिला, पूर्वी दिल्ली
फोन नं. 9999668214

# 300 करोड़ के लिए अफसर बहू बनी 'हत्यारिन'

हत्या में शामिल 3 अन्य आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में

## ड्राइवर को एक करोड़ की दी सुपारी और...कार से ससुर को कुचलवाया

### मर्डर की आरोपी बहू टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में असिस्टेंट डायरेक्टर

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में पिछले महीने एक हिट एंड रन मामले में 82 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। अब इस मामले में नया एंगल सामने आया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि हिट एंड रन की आड़ में बुजुर्ग की इरादतन हत्या की गई थी। पूरा मामला 300 करोड़ रु. की प्रॉपर्टी का है। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग की हत्या की साजिश उसकी बहू ने ही रची थी। ससुर के मर्डर की आरोपी बहू टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में असिस्टेंट डायरेक्टर है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम अर्चना मनीष पुट्टेवार है। उसने अपने ससुर पुरुषोतम पुत्तेवार (82) की हत्या की सुपारी सार्थक बागड़े नाम के ड्राइवर को दी थी। हत्या की सुपारी के लिए ड्राइवर को 1 करोड़ रुपए दिए गए थे। पुलिस ने हत्या में शामिल 3 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

◆ ससुर को मरवाने के लिए खरीदी गई थी नई कार



### क्या है पूरा मामला?

*अर्चना पुत्तेवार 3 साल से गढ़चिरौली के टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में असिस्टेंट डायरेक्टर है। अर्चना के पति मनीष डॉक्टर हैं। उनकी सास शकुंतला एक ऑपरेशन की वजह से अस्पताल में एडमिट थीं। 22 मई 2024 को नागपुर के अजनी इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया था। एक कार पुरुषोत्तम पुत्तेवार को कुचलकर निकल गई थी। घटना के वक्त वे अपनी पत्नी से मिलकर अस्पताल से लौट रहे थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि उसने प्रॉपर्टी हड़पने के लिए अपने ससुर की हत्या का प्लान बनाया था। इसमें उसके भाई प्रशांत और पीएम पायल ने मदद की थी। हत्या के लिए नई कार भी खरीदी गई थी। पुलिस ने दो कार, सोने के जेवर और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।*

### सीतारमण ने वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री का कार्यभार संभाला

## सरकार 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध, और कदम उठाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्मला सीतारमण ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री का कार्यभार संभाला।

नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन और वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अन्य सचिवों ने सीतारमण का स्वागत किया।

उन्हें मंत्रालय के विभिन्न विभागों के सचिवों द्वारा मौजूदा नीतिगत मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई। सीतारमण ने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कदम उठाती रहेगी।





### गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया

नितिन गडकरी नेभी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। लगातार तीसरी बार गडकरी को सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2014 और 2019 में भी इस मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा ने भी राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### पानीपत की कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में सेक्टर 29 स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की 15 गाड़ियां मौके पर पुहंचीं।, पुलिस की टीम भी मौके पर जांच पड़ताल के लिए पहुंच गई है। फैक्ट्री के अंदर अभी कई कर्मचारियों के फंसे होने की खबर है। सेक्टर 29 पार्ट-2 स्थित एक कपड़ा फैक्टरी में बुधवार को आग लग गई।



### मेंटल हेल्थ इंस्टीट्यूट एयरपोर्ट को उड़ा देंगे

**चंडीगढ़।** यहां के गवर्नमेंट मेडिकल रिसर्च अस्पताल सेक्टर-32 के मेंटल हेल्थ इंस्टीट्यूट और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही अस्पताल के प्रशासनिक व सिक्योरिटी अधिकारियों में हड़कंप मच गया। चंडीगढ़ पुलिस, बम स्क्वायड, क्राइम ब्रांच सहित अन्य कई जांच टीमें अस्पताल में पहुंच गई है।



### अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब केंद्र की राजनीति करेंगे। उन्होंने करहल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले सपा के विधायक लालजी वर्मा भी इस्तीफा दे चुके हैं।वर्मा भी लोकसभा सदस्य चुने गए हैं। फैजाबाद से सांसद चुने गए अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा से इस्तीफा दे दिया।



### उदयपुर सांसद को जान से मारने की धमकी

**उदयपुर।** लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सांसद बने मन्नालाल रावत को एक शख्स ने सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में सांसद रावत ने पुलिस को सूचित कर मामला दर्ज करवा दिया है। साइबर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। कुछ दिन पहले सांसद ने एक इंटरव्यू दिया था। कुछ लोगों ने वीडियो पोस्ट पर धमकी दी है।



### मुंबई पुलिस ने किया सलमान का बयान दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अप्रैल में यहां बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के निवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में बुधवार को उनका बयान दर्ज किया। अपराध शाखा के अधिकारी बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में अभिनेता के निवास पर बयान दर्ज किए। इस इमारत के बाहर 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल से आये दो व्यक्तियों ने गोलियां चलायी थीं।



### सीहोर के कथावाचक पं. मिश्रा ने राधारानी के बारे में की थी कथित विवादित टिप्पणी

वृंदावन के प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज ने 24 मिनट के वीडियो में जताया गुस्सा

# लाडली जू के बारे में 'गलत बातें' बोलने वाले को कोई भी नरक से नहीं बचा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की राधारानी पर विवादित टिप्पणी से उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा था कि राधारानी बरसाने की रहने वाली नहीं हैं। वह रावल गांव की रहने वाली थीं। इसके बाद संत प्रेमानंद महाराज जी भड़क गए हैं। प्रेमानंद महाराज ने एक 24 मिनट का वीडियो बनाकर प्रदीप मिश्रा को लताड़ लगाई है। साथ ही कहा है कि हम इष्ट पर सवाल उठाने वाले को नरक में जगह मिलेगी। उन्होंने प्रदीप मिश्रा से माफी की मांग की है। प्रेमानंद महाराज ने कहा है कि एक भागवत प्रवक्ता लाडली जू के बारे में बोल रहा है। उन्होंने पूछा कि कभी वे संतों के चरणों में बैठे हैं। लाडली जू के बारे में बिना जाने उन्हें बोलने का अधिकार नहीं है। उन्हें नरक से कोई नहीं बचा सकता है। यदि इस पाप से बचना है तो राधारानी के चरणों में आकर माफी मांगिए। बताओ आपने कितने ग्रंथों का अध्ययन किया है। वृंदावन की धरती से गरजकर कह रहा हूं कि नरक जाओगे। अपने इष्ट की यश गाथा गाओ, जिससे आस्तिकता बढ़े, नास्तिकता नहीं। प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि आप अपने को बड़ा ज्ञानी समझते हैं। अभी रस ग्रंथों में तुम्हारा प्रवेश नहीं है।

लाडली जू पर सवाल उठाने वाले नहीं जानते वृंदावन की महिमा

राधारानी पर टिप्पणी को लेकर माफी मांगने की मांग की

### ऐसे लोगों से भागवत कथा नहीं सुननी चाहिए



इसके साथ ही प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि लाडली जू और श्रीजी के बारे में ऐसी बातें सुनकर अंदर से बहुत गुस्से में हूं। ये लोग भगवताचार्य बनकर ऊटपंटाग बातें करते हैं। पहले भी एक ने ऐसी बात की थी, उनका क्या हुआ सभी को पता है। हमारा ह्रदय जल गया तो तुम न तो लोक में रहेगा और न परलोक में। प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि ऐसे लोगों से भागवत कथा नहीं सुननी चाहिए। इससे नरक की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जिनकी वाणी से प्रभु की यश की बात सुनने को मिले, उन्हीं से कथा श्रवण करें। बिना जानें ब्रह्म तत्व के बारे में न बोले। भोली भाली किशोरी के बारे में ऐसी बात न करें।

## वो वीडियो 14 साल पुराना जिसे 'अधूरा' ही सुना गया अनर्गल बातें करना उचित नहीं

### कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने 'हरिभूमि' के पूछने पर दिया यह स्पष्टीकरण

उस कथा में हमने राधा रानी और भगवान कृष्ण का विवाह सुनाया



जुगल किशोर पटेल :सीहोर

इस मामले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक वीडियो जारी करते हुए अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि जिस वीडियो की बात की जा रही है, वह 14 साल पुराना है, जिसे अधूरा ही सुना गया है। उन्होंने वीडियो में लगाए गए आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए विवादित वीडियो के कुछ प्रसंगों की सप्रमाण पुष्टि भी की। उन्होंने कहा कि हमने यह प्रसंग वाली कथा कमलापुर में 14 साल पहले की थी। उस कथा का पूरा वीडियो देखने पर सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने बताया कि उस कथा में हमने राधा रानी और भगवान कृष्ण के विवाह, विवाह के साक्षी आदि सभी प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया है, संपूर्ण जानकारी के बिना अनर्गल बातें करना और निम्न स्तरीय बातें करना उचित नहीं है। संत प्रेमानंद द्वारा ली गई आपत्ति और कहे गए कथनों के बाद मिश्रा के अनुयायी आक्रोशित हैं। सोशल मीडिया पर दोनो पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। मिश्रा की सफाई के बाद भी मामला शांत होता नजर नहीं आ रहा है।

### मलप्पुरम में बोले राहुल

## मुझे भगवान गाइड नहीं करते, कहां का सांसद रहूं...



एजेंसी ▶▶ मलप्पुरम

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केरल के मलप्पुरम में पीएम मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मैं इस दुविधा में हूं कि वायनाड या रायबरेली किससे सांसद बना रहूं? उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री करते हैं। मेरे पास इस तरह की कोई भी सुविधा नहीं है और भगवान मुझे कोई आदेश नहीं देते हैं।

पीएम मोदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वे थकते क्यों नहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पहले जब तक मां जिंदा थी मुझे लगता था की शायद जैविक रूप से मुझे जन्म दिया गया है। मां के जाने के बाद सारे अनुभव को मैं जोड़ कर देखता हूं तो मैं कन्विंस हो चूका हूं कि परमात्मा ने मुझे भेजा है।

### एयर पोर्ट और पावर प्लांट को अडाणी को देने का आदेश दिया

पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा राहुल ने कहा कि भगवान ने प्रधानमंत्री को देश के एयरपोर्ट और पावर प्लांट को अडाणी को देने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान मुझे कोई आदेश नहीं देते हैं। मेरे भगवीन मेरे देश के गरीब लोग हैं। इसलिए यह सब मेरे लिए आसान है। मेरे भगवान वायनाड के लोग हैं और जब मैं लोगों से बात करता हूं तो मेरे भगवान मुझे बताते हैं कि क्या करना है। राहुल ने यह भी कहा कि लोकसभा इलेक्शन की लड़ाई संविधान की रक्षा के लिए है और उस लड़ाई में नफरत को प्यार ने हरा दिया।

कई नाम भाजपाध्यक्ष के लिए चल रहे

## तावड़े रेस में सबसे आगे, संतोष, बंसल और कुलस्ते भी इसकी कतार में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा में फैसले इतने गोपनीय और अविश्वसनीय होते हैं कि राजनीतिक विश्लेषक भी चकरा जाते हैं। मोदी-शाह युग की इस भाजपा में कोई नहीं जानता है कि कौन पार्टी का नया अध्यक्ष बनने वाला है।

अचानक किसी के पास फोन पहुंचेगा और कहा जाएगा कि आपसे पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व बात करना चाहता है।इस बार भी करीब दर्जन भर लोगों का नाम भाजपा के नए अध्यक्ष के लिए चल रहा है। पार्टी नेता बीएल संतोष, सुनील बंसल, फग्गन सिंह कुलस्ते, केशव प्रसाद मौर्या आदि का नाम अध्यक्ष पद की रेस में है। एक और नाम इस दौड़ में शामिल है वह है बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े का। अगर वर्तमान राजनीतिक जरूरतों, पार्टी के मानदंडों, व्यक्तिगत सफलताओं को पैमाना बनाया जाए तो ऐसा लगता है कि रेस में तावड़े का नाम सबसे आगे चल रहा है।



### मराठा समाज को साधने की कोशिश

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं। यहा भाजपा ही नहीं उसकी सहयोगी पार्टियों का प्रदर्शन भी बहुत खराब रहा है। इसके पीछे राज्य की जनता विशेषकर मराठा समुदाय की नाराजगी के चलते इतना बड़ा डैमेज हुआ। पार्टी शुरू से ही एक मराठा क्षत्रप की खोज में थी। इससे समाज को साधा जा सकता है।

### पहले पार्टी के महासचिव बने अब...

तावड़े के लिए सौभाग्य की बात है कि वे मराठा समुदाय से हैं, पर मराठा होते हुए भी वे मुख्यमंत्री पद की रेस कुछ समय पहले हार चुके हैं। उनकी चर्चा आज पार्टी के सबसे बड़े पद के लिए हो रही है। तावड़े के राजनीतिक जीवन में इस तरह का उतार-चढ़ाव लगा रहता है। 2019 में बोरीवली से उनका विधायक का टिकट काट दिया गया, पर वो निराश नहीं हुए और धूमकेतु बनकर उभर रहे हैं। पहले पार्टी के महासचिव बने अब अध्यक्ष की रेस में हैं। पिछले साढ़े चार वर्षों में, तावड़े ने पार्टी के शीर्ष नेताओं का जिस तरह भरोसा हासिल किया है और दिल्ली में अपनी मौजूदगी स्थापित की है, उससे यही लगता है कि उनके नाम पर मुहर लग सकती है।

### आस्था और विश्वास



**दिनाजपुर।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के गांव बालुरघाट में बरगद के वृक्ष के नीचे एकत्रित हुई महिलाएं 'जमई षष्ठी' त्योहार मनाती हुई। इस दौरान महिलाएं टोकरी में विभिन्न फल समर्पित कर वृक्ष को धागा बांधकर उसकी पूजा की।

### कई राज्यों में मध्यम तो कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी

# ऑटो-रिक्शा पर पत्थर गिरने से 2 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मालशेज घाट पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन के बाद ऑटो-रिक्शा पर बड़ा पत्थर गिरने से एक व्यक्ति और एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल बताई जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि घटना कल्याण-अहमदनगर राजमार्ग पर मंगलवार को हुई? यह कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। टोकावडे पुलिस स्टेशन के निरीक्षक दिनकर चकोर ने बताया कि एक परिवार के पांच सदस्य पड़ोसी मुंबई के मुलुंड से अहमदनगर जिले के संगमनेर जा रहे ऑटो-रिक्शा में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वाहन पर 15-20 किलोग्राम वजन का पत्थर गिरा।




महाराष्ट्र के ठाणे में भारी बारिश के बाद भूस्खलन

**महिला गंभीर रूप से घायल**

पड़ोसी पुणे जिले के ओटूर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक लहू ताथे ने बताया कि राहुल बबन भालेराव और उनके भतीजे स्वयं सचिन भालेराव की मौत हो गई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

### बिहार और यूपी के लिए गर्मी का रेड अलर्ट



उत्तर भारत के लोगों को अभी गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में हीटवेव की स्थिति रहेगी।मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पास हो चुके हैं। अब आसमान साफ हैं, इसका मतलब ये है कि पूरे उत्तर भारत में अगले चार से पांच दिन तक हीटवेव की स्थिति रहेगी।मौसम विभाग ने बिहार, पूर्वी यूपी और झारखंड में अगले दो से पांच दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और पंजाब-हरियाणा के कुछ इलाकों में लू चलने की आशंका जताई है, जिसके चलते दोनों राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### सरकार ने आमजन को दी राहत

## राशन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने राशनकार्ड होल्डर्स को राहत की खबर दी है। दरअसल, भारत सरकार ने आधार से राशन कार्ड लिंक करना अनिवार्य कर दिया है।

राशन कार्ड होल्डर अपने राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक नहीं करते हैं तो उन्हें राशन का लाभ नहीं मिलेगा। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अब राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2024 है। पहले इसकी समयसीमा 30 जून थी। सरकार ने पहले भी कई बार इसकी डेडलाइन को बढ़ाया है। भारत सरकार ने वन नेशन-वन राशन ऐलान किया। सरकार ने सभा राशन कार्ड होल्डर को कहा था कि वह जल्द से जल्द अपने राशन कार्ड को आधार से लिंक करें। कई लोगों के पास एक से ज्यादा राशन कार्ड थे।



अर्शदीप को 4 विकेट, मैन ऑफ द मैच रहे

अमेरिका के खिलाफ सूर्या की फिफ्टी



# टी20 वर्ल्ड कप : अमेरिका को सात विकेट से हराकर भारत ने सुपर आठ का टिकट कटाया

## टीम इंडिया ने 18.2 ओवर में चेज किया 111 रन का टारगेट

भाषा ▶▶| न्यूयॉर्क

बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (चार ओवर में नौ रन पर चार विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच मुश्किल पिच पर 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 111 रन बनाए जो सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर है। टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक के बाद छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंच गया। अमेरिका तीन मैच में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 10 रन तक विराट कोहली (शून्य) और कप्तान रोहित शर्मा (तीन) के विकेट गंवा दिया था। दोनों को बायें हाथ के तेज गेंदबाज सौरव

**टूर्नामेंट में भारती की जीत की हैट्रिक, छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंचा**

नेत्रवलकर (18 रन पर दो विकेट) ने आउट किया। सूर्यकुमार यादव 49 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेल एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ऋषभ पंत (18) के साथ तीसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी के बाद दुबे के साथ मिल कर टीम को जीत दिलायी। सूर्यकुमार ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये तो वहीं दुबे ने 35 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का जड़ा नाबाद 31 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अर्शदीप का यह प्रदर्शन टी20 विश्व कप में किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर चार विकेट लिये थे। अर्शदीप को हार्दिक पंड्या का अच्छा साथ मिला जिन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली। अमेरिका के लिए नितीश कुमार ने 23 गेंद में 27 जबकि सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने 30 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत काफी खराब रही। कोहली का खराब लय इस मैच में जारी रहा जबकि रोहित भी बल्ले से योगदान नहीं दे सके। सूर्यकुमार यादव ने नेत्रवलकर तो वहीं पंत ने जसदीप सिंह पर छक्का लगाया लेकिन पावरप्ले में भारत का स्कोर दो विकेट पर 33 रन ही था। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये अली खान (21 रन पर एक विकेट) ने पंत को बोल्ड किया। गेंद टप्पा खाने के बाद ज्यादा उछाल लिये बिना विकेटों से टकरा गयी। सूर्यकुमार और शिवम दुबे को इसके बाद रन बनाने में परेशानी हुई। जसदीप की गेंद दुबे के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर चार रनों के लिए चली गयी जिससे 11वें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा हुआ।

### अमेरिका

| | |
|---|---|
| शयन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप | 00 |
| स्टीवन टेलर बो अक्षर | 24 |
| ऐंड्रिया गौस का हार्दिक बो अर्शदीप | 02 |
| आरोन जोंस का सिराज बो हार्दिक | 11 |
| नितीश कुमार का सिराज बो अर्शदीप | 27 |
| कोरी एंडरसन का पंत बो हार्दिक | 15 |
| हरमीत सिंह का पंत बो अर्शदीप | 10 |
| शैडनी वान शाल्कविक नाबाद | 11 |
| जसदीप सिंहरन आउट (पंत/सिराज) | 02 |
| अतिरिक्तः आठ | |

**कुल योगः** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 110 रन

**विकेट पतनः** 1-0, 2-3, 3-25, 4-56, 5-81, 6-96, 7-98, 8-110

**गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक 4-0-14-2, दुबे 1-0-11-0, अर्शदीप 3-0-25-1

### भारत

| | |
|---|---|
| रोहित का हरमीत बो नेत्रवलकर | 03 |
| कोहली का गौस बो नेत्रवलकर | 00 |
| ऋषभ पंत बो अली खान | 18 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 50 |
| शिवम दुबे नाबाद | 31 |
| अतिरिक्तः | 09 |

कुल योगः (18.2 ओवर में तीन विकेट पर) 111 रन

**विकेट पतनः** 1-1, 2-10, 3-39

**गेंदबाजीः** नेत्रवलकर 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप 4-0-24-0, शाल्कविक 4-0-25-0, एंडरसन 3-0-17-0

## टी20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में पहुंचा, एरासमस ने शर्मनाक 17 गेंदों में खोला खाता

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड




आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप आस्ट्रेलिया और नामीबिया मैच के दौरान टी20 इंटरनेशनल के एक अनचाहा वर्ल्ड रिकॉर्ड गेराल्ड एरासमस ने अपने नाम कर लिया। नामीबिया के कप्तान अपनी टीम की ओर से हाइएस्ट स्कोरर रहे और उन्होंने 43 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें अपने पहले रन के लिए कितना इंतजार करना पड़ा था। गेराल्ड एरासमस ने 17वीं गेंद पर अपना खाता खोला। टी20 इंटरनेशनल में खाता खोलने के लिए सबसे ज्यादा गेंदों का सामना करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अब एरासमस के नाम ही दर्ज हो गया है। इससे पहले यह वर्ल्ड रिकॉर्ड केन्या के तन्मय मिश्रा के नाम दर्ज था। 2007 में पाकिस्तान के खिलाफ तन्मय मिश्रा ने 16 गेंद पर अपना खाता खोला था।

## श्रीलंका-नेपाल बाहर अफ्रीका अगले दौर में

**लॉडरहिल।** श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई। बारिश के कारण इस मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी। इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई। उसने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं।

## खबर संक्षेप



### नडाल और अलकराज युगल में देंगे चुनौती

**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

### वालपुइया 2027 तक मुंबई में बने रहेंगे

**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने टाटा से किया करार

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस 'नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों' तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक 'प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता' होगा।

### लवलीना ने चेक गणराज्य ग्रां प्री में जीत से शुरुआत की

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को चेक गणराज्य में ग्रां प्री के पहले दौर में कड़े संघर्ष में विभाजित फैसले से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र भारतीय ने अपने 75 किग्रा के शुरुआती दौर में इंग्लैंड की चैंटेले रीड पर 3-2 से जीत हासिल की। लवलीना उन छह भारतीय मुक्केबाजों में से हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

**यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में किया शानदार प्रदर्शन**

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को 3-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपज़िग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे।आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।



## वर्ल्ड कप : चीन की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए। एशिया की 18 टीमों में से छह टीम को विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। दो अन्य टीम एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे चरण से विश्व कप में सीधे प्रवेश पा सकती हैं जबकि एक अन्य टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलेगी। चीन को ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन मैच हार जाने के कारण उसे थाईलैंड और सिंगापुर के मैच के परिणाम तक इंतजार करना पड़ा। चीन अभी तक केवल एक बार 2002 में विश्व कप में खेला था।

### एथलेटिक्स

## गुलवीर ने पोर्टलैंड में 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▶▶| पोर्टलैंड



एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने यहां 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफोर्मेंस' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर पुरुषों की 5,000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 'पॉल बंटा मेमोरियल रेस' में हिस्सा लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 वर्षीय एथलीट गुलवीर ने 13:18.92 सेकेंड का समय निकाला जो अविनाश साबले के पिछले साल लास एंजिल्स में बनाए गए 13:19.30 सेकेंड के समय के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। अब गुलवीर के नाम 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल हांग्झोउ एशियाड में 28.17.21 सेकंड के समय से 10,000 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था।अमेरिका के डिलन जैकब्स ने 13:18.18 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। भारत के कार्तिक कुमार (13:41.07) 17वें स्थान पर रहे जबकि साबले (13:20.37) रेस पूरी नहीं कर सके। पुरुषों की 5,000 मीटर हाई परफोर्मेंस स्पर्धा में अभिषेक पाल 13:41.57 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहे। 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल' अमेरिका की प्रमुख ट्रैक प्रतियोगिताओं में से एक है जिसमें कई ओलंपिक चैम्पियन, विश्व रिकॉर्डधारी, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और ओलंपियन हिस्सा लेते हैं।

### करो या मरो मुकाबला

## न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से आज



एजेंसी ▶▶| लिस्बन

टरुबा। न्यूजीलैंड को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। न्यूजीलैंड का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वह पिछले तीन वनडे विश्व कप और तीन टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार उसके लिए चुनौती आसान नहीं है।

### बांग्लादेश- नीदरलैंड में आज होगी जंग

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है।

### इंग्लैंड के अरमानों पर पानी फेर सकती है बारिश



**नॉर्थ साउंड।** अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था। जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है।

### भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन


**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि व्यवस्थित ट्रायल, उचित अंकन प्रणाली और सभी दावेदारों को समान अवसर के कारण देश के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के लिए 15 कोटा स्थान हासिल किए। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाले नारंग को खुशी है कि पेरिस ओलंपिक में 15 निशानेबाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें उनकी अकादमी की दो महिला निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान और रमिता भी शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति में नारंग के हवाले से कहा गया, 'ट्रायल भी बहुत व्यवस्थित तरीके से आयोजित किए गए जिसमें अंकन प्रणाली का उपयोग किया गया जिससे प्रतिभागियों को अपनी वास्तविक क्षमता दिखाने का समान अवसर मिला।' भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष नारंग ने खिलाड़ियों को लाभान्वित करने वाली विभिन्न विकास योजनाओं में सरकार की भूमिका और उसके निवेश की सराहना की।



## टिटमस ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया की एरियार्ने टिटमस ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक तैराकी ट्रायल के दौरान महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड बनाया। टिटमस ने एक मिनट 52.23 सेकंड का समय लेकर पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में मोली ओकालाघन के एक मिनट 52.85 सेकंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। मोली एक मिनट 52.48 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। टिटमस 200 और 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा की ओलंपिक चैंपियन हैं और अब इन दोनों स्पर्धा के विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम हैं।



### भारत की पुरुष और महिला टीम जीतीं

**डेलियान।** भारत की पुरुष और महिला टीमों ने यहां चल रही एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। चोटिल अभय सिंह के बिना खेल रही पुरुष टीम ने अनुभवी वेलावन सेंथिलकुमार की अगुआई में कुवैत को 2-1 से हराया। रतिका एस सीलान की अगुआई में महिला टीम ने मकाउ को 2-1 और मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। भारतीय पुरुष टीम को हालांकि अपने दूसरे ग्रुप मैच में जापान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इस मुकाबले के पूर्ण नतीजों का अभी इंतजार है। पुरुष वर्ग में सेंथिलकुमार ने कुवैत के अथबी हमाद को 11-4, 11-5, 11-4 से हराया लेकिन राहुल भाटिया को मोहम्मद अल्खानफिर के खिलाफ 8-11, 12-10, 8-11, 11-9, 2-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सूरज कुमार चंद ने बदर अलमोघरेबी को 11-6, 11-7, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की।

### फीफा क्वालीफायर के प्रमुख और एएफसी रैफरी के प्रमुख से की शिकायत

# भारत ने विवादास्पद गोल पर की जांच की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बुधवार को कहा कि महासंघ ने दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कतर को दिए गए विवादास्पद गोल की जांच की मांग की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस अन्याय का समाधान निकालने का आग्रह किया। एआईएफएफ प्रमुख ने कहा कि भारत ने गोल की विस्तृत जांच की मांग की है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान दक्षिण कोरिया के रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। चौबे ने कहा, 'हमने फीफा क्वालीफायर के प्रमुख, एएफसी रैफरी के प्रमुख और मैच आयुक्त को रैफरी की गंभीर त्रुटि के बारे में लिखा है जिसके कारण हमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह नहीं मिल पाई। इसकी गंभीरता को देखते हुए, हम संबंधित अधिकारियों से गहन जांच की मांग करते हैं।

हमने उनसे अन्याय को दूर करने के लिए क्षतिपूर्ति की संभावनाओं का पता लगाने का आग्रह किया है और हमें विश्वास है कि फीफा और एएफसी आवश्यक कदम उठाएंगे।'



### गेंद बाहर जाने के बाद किया गोल

*मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा।*




# गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव को यूएन की मंजूरीः बंधकों की रिहाई के बदले फलस्तीनी कैदियों को छोड़ने को तैयार

**अमेरिका का सीजफायर प्रस्ताव पास**
**गाजा में 240 दिन में 37 हजार मौतें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में आठ महीने से जारी युद्ध के रुकने के आसार बढ़ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले अपने पहले प्रस्ताव को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी। हमास ने मंगलवार को कहा कि वह यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने को तैयार है। गाजा में आठ महीने से जारी युद्ध के रुकने के आसार बढ़ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले अपने पहले प्रस्ताव को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी। प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 14 ने पक्ष में वोट किया, जबकि रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

### 3 चरणों में होगा अमल

**चरण-01:** 6 हफ्ते चलेगा गाजा की आधी आबादी वाले इलाकों से इजराइली सेना लौटेगी।
**चरण-2:** हमास को सैनिकों समेत इजराइल के सभी बंधकों की रिहाई करनी होगी।
**चरण-3:** मर चुके बंधकों के शव लौटाएं जाएंगे। गाजा में टूटी इमारतों के मलबे को साफ किया जाएगा।






### 234 लोगों को बंधक बनाकर ले गए थे हमास आतंकी

7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमलों में हमास करीब 234 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गया था। दोनों पक्षों के बीच अब तक सिर्फ एक बार 24-30 नवंबर तक सीजफायर हुआ था। तब हमास और इजराइली सेना ने 7 दिनों के लिए हमले रोके थे। इस दौरान करीब 107 बंधकों को रिहा किया गया था।

### सीजफायर पर अमेरिका का प्रस्ताव

जंग के लगभग 240 दिन और 37 हजार लोगों की मौत के बाद सोमवार देर रात इजराइल-हमास जंग रोकने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पास हो गया। इस प्रस्ताव को अमेरिका ने पेश किया था। सोमवार को हुई वोटिंग में 15 में से 14 देशों ने इसके पक्ष में वोट डाला, जबकि वीटो पावर रखने वाले रूस ने प्रस्ताव से दूरी बनाई। पहली बार अमेरिका की तरफ से पेश किए गए सीजफायर प्रपोजल में 3 फेज में जंग खत्म करने की बात कही गई है। पहले फेज में 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।

### नेतन्याहू के मंत्री ने दिया इस्तीफा

इजराइल की नेतन्याहू सरकार को बड़ा झटका लगा है। 3 सदस्यों वाली वॉर कैबिनेट के मुख्य सदस्य बेनी गैंट्ज ने इस्तीफा दे दिया। जानकारी के अनुसार गैंट्ज के इस्तीफे की वजह गाजा युद्ध में होस्टेज (युद्ध बंधक) डील को लेकर पीएम नेतन्याहू का रवैया है। गैंट्ज का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब इजराइल बंधकों को छुड़ाने जद्दोजहद में लगा है और पश्चिम एशिया में स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### नेतन्याहू बोले- हमास के खात्मे से पहले जंग नहीं रुकेगी

एकतरफ जहां इजराइल का हिमायती अमेरिका में सीजफायर के लिए प्रस्ताव पास करवा रहा है, वहीं इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग रोकने से इनकार कर दिया है। पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि बाइडेन ने सीजफायर प्रस्ताव का केवल कुछ हिस्सा ही सार्वजनिक किया है। इजराइल परमानेंट सीजफायर पर तभी बात करेगा जब हमास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। दूसरी तरफ, हमास ने (यूएनएससी) में पास हुए प्रस्ताव का स्वागत किया है। वोटिंग के बाद हमास ने कहा कि वह मध्यस्थों के साथ इस पर चर्चा करने के लिए तैयार है। इसके अलावा गाजा में सीजफायर के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल और मिडिल ईस्ट देशों के दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने पीएम नेतन्याहू से मुलाकात भी की । ब्लिंकन ने इस बात पर जोर दिया कि सीजफायर से इजराइल के सभी बंधक बिना किसी कठिनाई के घर लौट सकेंगे।

### 270 फिलिस्तीनी मारे गए थे

दरअसल, इजराइल ने 8 जून को हमास की कैद से अपने 4 नागरिकों को रेस्क्यू किया था। इस दौरान 270 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए थे। हमास ने दावा किया था कि हमलों में 3 बंधकों की भी मौत हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल के इंटेलिजेंस और मिलिट्री की टीम लगातार ड्रोन्स, सैटेलाइट और दूसरे तरीकों से गाजा में बंधकों को ट्रैक करने की कोशिश कर रही हैं। इजराइल अब तक अपने 7 बंधकों को रेस्क्यू करने में कामयाब रहा है।

**पाक अपनी 'करतूत' से बाज नहीं आ रहा**

**रियासी, कठुआ और डोडा में हुए अटैक, 2 आतंकी मारे गए, छिंदवाड़ा का जवान शहीद**

# जम्मू क्षेत्र में बढ़ते आतंकी हमलों के पीछे पाक की नापाक साजिश

## सतर्क भारतीय सुरक्षाबल जल्द देंगे मुंहतोड़ जवाब

इन हमलों के पीछे लश्कर था, इसकी पुष्टि हो गई है। रियासी से लेकर डोडा और कठुआ में साफ हो गया है कि ये सब पाक हैंडलर ही थे। वहीं से उनको निर्देश भी मिल रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर में 60 घंटे में 3 आतंकी हमले

**हमला 1 — 9 जून : शाम सवा 6 बजेः रियासी**
पुलिस ने संदिग्ध आतंकी का स्केच जारी किया। 20 लाख रुपए का इनाम रखा। 200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सर्च ऑपरेशन जारी।

**हमला 2 — 11 जून : रात 8 बजे : कठुआ**
हीरानगर के सैदा सोहल गांव में दो आतंकियों ने घरों का दरवाजा खटखटाकर पानी मांगा। ग्रामीणों को शक हुआ तो दरवाजे बंद कर शोर मचाया। आतंकियों ने फायरिंग की। एक ग्रामीण घायल हुआ। डीआईजी और एसएसपी पहुंचे तो एक आतंकी ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। ग्रेनेड फेंकने के दौरान वह मारा गया।

**हमला 3 — 11 जून : रात 1 बजे : डोडा**
डोडा में आतंकियों ने भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 जवान और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स (जेईएम/जैश) ने ली है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

### वैष्णो देवी मार्ग की सुरक्षा बढ़ाई गई

रियासी से कटरा के 30 किलोमीटर मार्ग पर सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाई गई

रियासी से कटरा के बीच 5 और जगहों पर बैरक बनाए जा रहे हैं



जम्मू क्षेत्र में लगातार बढ़ते आतंकवादी हमलों की शुरुवाती जमीनी स्तर की जारी पड़ताल के बाद ये प्रमाण मिलता है कि इन घटनाओं के पीछे भारत के पड़ोसी शत्रु पाकिस्तान की नापाक साजिश का हाथ है। जिसके जरिए वो अपनी दयनीय हो चुकी आंतरिक स्थिति पर पर्दा डालते हुए वैश्विक समुदाय का ध्यान पुनः जम्मू-कश्मीर के मुद्दे की ओर लगाने की कोशिश में जुटा हुआ है। फिलहाल अभी तक बीते करीब सप्ताहभर के अंदर जम्मू के रियासी, डोडा और कठुआ में हुई आतंकवादी हमलों की तीन घटनाओं में शामिल रहे आतंकियों की धरपकड़ के लिए सेना सहित अन्य सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान युद्धस्तर पर जारी है। हमलों में शामिल आतंकी विदेशी हैं। लेकिन उन्हें जल्द पकड़कर ढेर किया जाएगा। यह जानकारी जम्मू क्षेत्र में हुए आतंकी हमलों की घटना के बाद रक्षा सूत्रों ने दी। उन्होंने कहा कि इन हमलों में विदेशी आतंकियों का हाथ दिखाई पड़ रहा है। जिनका संबंध पाकिस्तान समर्थित लश्करे तैयबा और जैशे मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के छद्म रूप से नाम बदलकर इलाके में सक्रिय आतंकी संगठनों से है। इससे स्पष्ट है कि इन हमलों में जम्मू-कश्मीर में सक्रिय स्थानीय आतंकवादी गुटों में से किसी का हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू का इलाका भारत- पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा हुआ है और उसके पार पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी लांच पैड में वर्तमान में करीब बीस से तीस आतंकवादी भारत में घुसपैठ करने के लिए तैयार हैं। आतंकी हमलों के पीछे पाक की मंशा आम लोगों के मन में दहशत फैलाने की है।

साथ ही वो वैश्विक समुदाय को ये दिखाने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू कश्मीर में हालात ठीक नहीं हैं और अशांति बरकरार है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि आतंकी हमलों की बात करें तो वर्ष 2005 से 2019 तक जम्मू क्षेत्र का यह इलाका शांत बना हुआ था। लेकिन जैसे ही केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाया। उसके बाद पाकिस्तान बौखला गया और उसने कश्मीर



के साथ- साथ इस जगह पर भी आतंकी घटनाओं को बढ़ाने की मंशा बनाई। इसी के चलते बीते करीब दो वर्षों से यहां पर आतंकी हमलों की घटनाओं में बढ़ोतरी नजर आ रही है। हमलों की एक अन्य वजह कश्मीर की तुलना में जम्मू में हिंदू आबादी का होना भी है। यहां आतंकी हमले को अंजाम देने से उसकी सीधी गूंज भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली यानी केंद्र सरकार तक जाएगी। इसके अलावा कश्मीर में नियंत्रण रेखा के इलाके में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम समझौते के बाद से एकाद घटनाओं को छोड़ दें तो फिलहाल शांति बनी हुई है। वहीं, पिछले एक, दो साल में देखें तो जम्मू में यह बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। लेकिन भारत की सशस्त्र सेनाएं और अन्य सुरक्षाबल पाकिस्तान या उसके समर्थित आतंकियों द्वारा किए जाने वाले किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। उक्त हमलों के गुनहगारों को भी जल्द सजा दी जाएगी।

सूत्रों ने कहा कि भारत-पाक नियंत्रण रेखा की तुलना में जम्मू का इलाका अंतरराष्ट्रीय सीमा के तहत आता है। भौगोलिक आधार पर यहां जंगल और पहाड़ हैं। जिसकी आड़ में आतंकी आसानी से हमला कर बेकसूर लोगों को मार रहे हैं। जबकि नियंत्रण रेखा का इलाके जंगलों व पहाड़ के साथ-साथ खुला हुआ है। जहां सेना व अन्य सुरक्षाबल किसी भी हमले या आपात परिस्थिति में जगह की घेराबंदी कर सकते हैं, अवरोधक लगाकर जांच कर सकते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे इलाकों में ऐसा करना कुछ ज्यादा चुनौतीपूर्ण है।

**नाव में 260 यात्री सवार थे, 71 को बचाया गया**

# यमन के समुद्र में डूब गई नाव 49 की मौत, 140 लोग लापता

एजेंसी ▶▶ सना

यमन में अदन तट के पास शरणार्थियों से भरी एक नाव पलट गई, जिसमें सवार 49 लोगों की मौत हो गई और 140 से ज्यादा लोग लापता हो गए। जानकारी के अनुसार नाव में 260 लोग सवार थे, इनमें से सबसे ज्यादा लोग इथियोपिया और सोमालिया के थे। शरणार्थी ईस्ट अफ्रीका से यमन जा रहे थे।

ये लोग ईस्ट अफ्रीका के सोमालिया से स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 3 बजे निकले थे, जो यमन से लगभग 600 किलोमीटर दूर है।

### नाव में 115 सोमाली और 145 इथियोपियाई सवार थे

इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के अधिकारियों ने बताया कि नाव में 115 सोमाली और 145 इथियोपियाई नागरिक सवार थे। आईओएम की टीम को सीमित संसाधनों के साथ रेस्क्यू करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, नाव सोमालिया के बोसासो से रविवार को रवाना हुई थी। उन्होंने बताया कि हर साल हजारों अफ्रीकी प्रवासी सऊदी अरब पहुंचने के लिए ईस्टर्न रूट के जरिए रेड सी से यमन को पार करने की कोशिश करते हैं।

### अप्रैल में इसी रूट पर 62 लोगों की जान गई थी

यूएन के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल में दो हफ्तों के अंदर हुई इस तरह की अलग-अलग घटनाओं में 62 से ज्यादा लोग मारे गए थे। आईओएम के अधिकारियों ने बताया कि 2014 से अब तक इस रूट पर 1860 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस रूट से 2023 में जाने वाले शरणार्थियों की संख्या 90 हजार से ज्यादा थी।




**मतदान समाप्ति के बाद उनकी पुनः सुरक्षित वापसी भी की गई**

# आम चुनाव भारतीय वायुसेना ने पहुंचाई मदद, हेलीकॉप्टरों ने भरी एक हजार घंटे से अधिक की उड़ान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने हालिया संपन्न हुए आम चुनावों में बड़े पैमाने पर मदद पहुंचाई है। इसमें बल के हेलिकॉप्टर और परिवहन बेड़े की अहम भूमिका रही है। वायुसेना ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि शांतिकाल से जुड़ी इस कवायद में लोकसभा चुनावों के दौरान वायुसेना के मी-17, चेतक और ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने एक हजार घंटे से अधिक की समय अवधि में 1 हजार 750 उड़ान भरी हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बल ने आम चुनाव के दौरान उक्त कार्य को तय समय में पूरा किया। इसमें उसे सेना और अन्य सुरक्षाबलों का भी सहयोग मिला। वायुसेना के परिवहन बेड़े की मदद से चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों को देश के अलग-अलग इलाकों में निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया। साथ ही मतदान समाप्ति के बाद उनकी पुनः सुरक्षित वापसी भी की गई है।



### वायु सेना के राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई कार्य

वायु सेना का हवाई बेड़ा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लड़ाकू सैनिकों को हवाई मार्ग से ले जाने और शांतिकालीन भूमिका के अलावा राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई कार्य करता है। नागरिक शक्ति की सहायता में भारतीय वायुसेना विशेष रूप से सबसे आगे रही है। हाल ही में हुए लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने पर्याप्त उड़ान भरी हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109